


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 288/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

भोपाल, गुरुवार 29 मई 2025 भोपाल से प्रकाशित | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14 | dainiksandhyaprakash.in


## क्वालिफायर-1, PBKS vs RCB: दोनों टीमें प्लेऑफ में पहली बार भिड़ेंगी, सीजन में तीसरी बार होगा सामना




### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खराब मौसम के कारण सिक्किम नहीं गए, पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से कहा

# पहलगाम अटैक मानवता पर हमला

**गंगटोक/कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को गंगटोक के पलजोर स्टेडियम जाना था। खराब मौसम के चलते उन्होंने पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। पीएम मोदी का गुरुवार को सिक्किम दौरा खराब मौसम के चलते रद्द कर दिया गया। प्रधानमंत्री को सिक्किम बनने के 50 साल पूरे होने पर गंगटोक के कार्यक्रम में हिस्सा लेना था। पर वो पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से वर्चुअली जुड़े और जनता को संबोधित किया। बागडोगरा की गंगटोक से दूरी करीब 120 किमी है। मोदी ने वर्चुअलीकहा- आतंकियों ने जो पहलगाम में किया वो सिर्फ भारत पर नहीं मानवता पर हमला था। हमने आतंकियों को ऑपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया। आतंकी अड्डे तबाह किए। पाकिस्तान के एयरबेस नष्ट करके दिखा दिया कि भारत कब क्या कर सकता है। उन्होंने हम भारतीयों को बांटने की कोशिश की। हमने एकजुट होकर आतंकियों और उनके सरपरस्तों को संदेश दिया है कि हमने आतंकियों को ऑपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया है। आतंकी अड्डे तबाह होने से बौखलाकर पाकिस्तान ने हमारे नागरिकों और सैनिकों पर हमले की कोशिश की। हमने उनके कई एयरबेस को तबाह करके दिखा दिया कि भारत कब क्या कर सकता है। कितना तेजी और सटीकता से कर सकता है।



**सिक्किम से निकले सितारों ने आकाश रोशन किया-** पीएम ने कहा, सिक्किम ने 50 साल पहले अपने लिए एक लोकतांत्रिक भविष्य तय किया। सिक्किम के लोगों का मानना था कि जब सभी की आवाज सुनी जाएगी और सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी, तो सभी को प्रगति के समान अवसर मिलेंगे। आज, मैं कह सकता हूं कि सिक्किम के प्रत्येक परिवार का विश्वास मजबूत हुआ है। पिछले 50 सालों में, सिक्किम से ऐसे सितारे निकले हैं जिन्होंने भारत के आकाश को रोशन किया है।

### हमारी सरकार नॉर्थ ईस्ट को विकास के केंद्र में लाई

सिक्किम से ऐसे सितारे निकले, जिन्होंने भारत का नाम रोशन किया। हर समाज ने उन्नति में अपना योगदान दिया। 2014 में सरकार में आने के बाद मैंने कहा था- सबका साथ, सबका विकास। देश का संतुलित विकास भारत के विकास के लिए जरूरी है। ऐसा न हो कि एक क्षेत्र को विकास का लाभ पहुंचे और दूसरे को नहीं। हर राज्य की अपनी एक खासियत है। बीते दशक में हमारी सरकार नॉर्थ ईस्ट को विकास के केंद्र में लाई। कुछ दिन पहले ही दिल्ली में नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टमेंट समिट हुई। देश के बड़े बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट शामिल हुए। सिक्किम समेत नॉर्थ ईस्ट में इन्वेस्टमेंट की घोषणा की।

### सिक्किम प्रकृति के साथ प्रगति का मॉडल बना

पीएम ने कहा- आज सिक्किम के एक-एक परिवार का भरोसा लगातार मजबूत हुआ है। देश ने इसके परिणाम सिक्किम की प्रगति के रूप में देखे हैं। सिक्किम आज देश का गर्व है। 50 वर्षों में सिक्किम प्रकृति के साथ प्रगति का मॉडल बना। 100 फीसदी आर्गेनिक स्टेट बना। सिक्किम देश के उन राज्यों में है, जहां प्रति व्यक्ति आय सबसे अधिक है। ये उपलब्धियां आपके सामर्थ्य से हासिल हुई।

### मैं आपके यहां नहीं आ पाया, माफी मांगता हूं

आज का दिन विशेष है। यह अवसर सिक्किम की लोकतांत्रिक यात्रा की गोल्डन जुबली का मैं आपके बीच रहकर इस 50 वर्ष की यात्रा का साक्षी बनना चाहता था। मैं दिल्ली से निकलकर बागडोगरा तक तो पहुंच गया। मौसम ने मुझे बागडोगरा तक पहुंचा दिया, दरवाजे पर पहुंचा दिया, लेकिन आगे नहीं जाने दिया। यह भव्य दृश्य है, लोग ही लोग हैं। कितना भव्य दृश्य है। मैं पहुंच नहीं पाया और माफी मांगता हूं।

### मप्र को पीएम मोदी की बड़ी सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में भारतीय रेलवे को लेकर एक अहम फैसला लिया गया है। इस बैठक में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र को दो प्रमुख मल्टी-ट्रैकिंग योजनाओं की सौगात दी गई है। ये परियोजनाएं रेलवे नेटवर्क को सुदृढ़ करने के साथ-साथ यात्रियों और मालवाहन को तेज गति से गंतव्य तक पहुंचाने में सहायक होंगी।

कौन-कौन सी परियोजनाएं हुईं स्वीकृत?
रतलाम-नागदा तीसरी और चौथी लाइन

**परियोजनाओं पर होगा 3399 करोड़ रुपये का निवेश-** इन दोनों योजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 3,399 करोड़ रुपये आंकी गई है। सरकार की योजना है कि इन परियोजनाओं को वित्तीय वर्ष 2029-30 तक पूरा कर लिया जाएगा। विशेष रूप से रतलाम-नागदा सेक्शन, जो मध्यप्रदेश का एक महत्वपूर्ण रेल कॉरिडोर है, इस योजना से अत्यधिक लाभान्वित होगा। रतलाम जंक्शन से हर दिन सैकड़ों ट्रेनें गुजरती हैं और इस सेक्शन पर यातायात भार काफी अधिक है। रतलाम-नागदा और वर्धा-बल्हारशाह मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के कुल चार जिलों को कवर करेंगी। साथ ही यह नेटवर्क करीब 176 किलोमीटर तक विस्तारित होगा। इससे लगभग 784 गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, जिनकी कुल आबादी लगभग 19.74 लाख है।

## आज से दो दिवसीय जम्मू दौरे पर रहेंगे गृहमंत्री, शाम को करेंगे उच्च सुरक्षा समीक्षा बैठक

**जम्मू।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जम्मू पहुंच रहे है। शाम करीब पांच बजे वे जम्मू एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। वह शाम को ही सुरक्षा एजेंसियों के साथ सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा बैठक करेंगे। रात में राजभवन में रुकेंगे और शुक्रवार को पुंछ जाएंगे। गृहमंत्री के साथ उच्च स्तरीय बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्य सचिव, डीजीपी जम्मू-कश्मीर, सेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ सहित खुफिया एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के बाद मौजूदा हालात, किश्तवाड़ में आतंकी हमले के साथ-साथ अमरनाथ यात्रा के सुरक्षा इंतजामों पर विस्तृत चर्चा होगी। गृहमंत्री जम्मू संभाग के सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान के हमलों से हुए नुकसान पर भी चर्चा करेंगे। इन इलाकों में बंकर निर्माण की मौजूदा स्थिति और नए बंकर बनाने की योजना पर भी चर्चा हो सकती है। शुक्रवार को गृहमंत्री हेलीकॉप्टर से पुंछ जाएंगे। यहां पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित लोगों से मुलाकात करेंगे। गृहमंत्री उस गुरुद्वारे में भी जा सकते हैं, जिसे पाकिस्तान ने निशाना बनाया था।



### आतंक के आकाओं को थरूर ने चेताया कहा-

## ये गांधी का नया भारत है दूसरा गाल आगे नहीं करता

**पनामा।** आतंक के आकाओं को कांग्रेस ने शशि थरूर ने बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि आतंक के आकाओं को समझना पड़ेगा कि अब गांधी का नया भारत है दूसरा गाल आगे नहीं करता। पनामा में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख शशि थरूर ने पाकिस्तान को चेताते हुए कहा कि किसी भी हमले का जवाब दिया जाएगा और अब देश दूसरा गाल आगे नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने हमें यह भी सिखाया है कि हमें हमेशा अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए। उन्होंने रिपब्लिक ऑफ पनामा के राष्ट्रपति होसे रौल मुलीनो से मुलाकात की। उन्होंने कहा, यह कोई स्वाभिमानी देश नहीं करता है और अगर ऐसा होता है तो यहां तक कि महात्मा गांधी की धरती भी दूसरा गाल आगे नहीं करेगी। हम जवाब देंगे।



थरूर ने कहा, उन्होंने (महात्मा गांधी) ने आजादी के संघर्ष में अपने बहादुर नेतृत्व में यह भी सिखाया है कि हमें हमेशा अपने अधिकारों के लिए भी खड़ा होना चाहिए। हमें हमेशा उन मूल्यों के लिए खड़े होना चाहिए, जिनपर हम भरोसा करते हैं।

### ग्रीस संसद में कनिमोझी ने कहा आतंकवाद से सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया परेशान

**एथेंस।** ग्रीस में डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का हेलेनिक संसद में भारत-ग्रीस मैत्री समूह की अध्यक्ष मारिया एंटोनियो और संसदीय समूह एनडी के सचिव क्रिस्टोस डरमेंटज़ोपोलोस ने स्वागत किया। डीएमके सांसद कनिमोझी को ग्रीक पक्ष की ओर से डरमेंटज़ोपोलोस ने आभार प्रकट किया। हेलेनिक संसद में डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा कि जब भारत पर हमला होता है, तब सभी राजनीतिक दल एक साथ खड़े होते हैं क्योंकि हम अपने देशवासियों प्रतिनिधित्व करते हैं, जो हाल ही में हमारी धरती पर हुई घटना से दुखी हैं। हम ग्रीस को हमारे साथ खड़े होने और आतंकवाद की निंदा करने के लिए धन्यवाद देते हैं।



कनिमोझी ने कहा कि आतंकवाद सिर्फ़ भारतीय धरती पर ही नहीं रुकता, यह फैलता है, और कोई भी देश सुरक्षित नहीं है।

### सांध्यप्रकाश विशेष

## भारत 44 हजार करोड़ से 12 एमसीएमवी खरीदेगा, बढ़ेगी समुद्री सुरक्षा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की सामरिक ताकत को नया आयाम मिलने जा रहा है। केंद्र सरकार ने 44,000 करोड़ रुपये की लागत से 12 स्वदेशी माइन काउंटर मेजर वेसल्स (एमसीएमवी) के निर्माण को हरी झंडी देने की दिशा में कदम उठाए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (डीएसी) जल्द ही इस परियोजना को मंजूरी दे सकती है। माइन काउंटर मेजर वेसल्स (एमसीएमवी) विशेष युद्धपोत हैं, जो समुद्र में छिपी दुश्मन की बारूदी सुरंगों का पता लगाकर उन्हें निष्क्रिय करते हैं। ये जहाज करीब 60 मीटर लंबे और 1,000 टन वजनी होंगे। इनमें उन्नत सोनार सिस्टम, रोबोटिक हथियार और गैर-चुंबकीय सामग्री का उपयोग होगा, जो माइन्स को सक्रिय किए बिना उन्हें नष्ट करने में सक्षम होंगे। वर्तमान में भारतीय नौसेना के पास कोई सक्रिय माइनस्वीपर नहीं है, क्योंकि पुराने जहाजों को पहले ही सेवामुक्त किया जा चुका है। ऐसे में, जब चीन और पाकिस्तान अपनी नौसैनिक शक्ति बढ़ा रहे हैं, यह परियोजना भारत की समुद्री सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।



यह परियोजना 2005 में शुरू हुई थी, लेकिन 2017-18 में तकनीकी और लागत विवादों के कारण रुक गई थी। अब इसे फिर से शुरू किया जा रहा है, हालांकि पहले एमसीएमवी की डिलीवरी में 7-8 साल लग सकते हैं। हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपनी रणनीतिक क्षमता दिखाई। वर्तमान में 60 युद्धपोत निर्माणाधीन हैं।

## यक्रेन ने मॉस्को पर किया एयरस्ट्राइक, रशिया ने गिराए 100 से ज्यादा यूक्रेनी ड्रोन

**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन संघर्ष लगातार गहराता जा रहा है। रूसी अधिकारियों ने दावा किया है कि मंगलवार देर रात और बुधवार तड़के यक्रेन ने बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए, जिसके चलते मॉस्को के दो प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ानें जवाबी कार्रवाई रूस के हालिया बड़े ड्रोन हमलों के बाद हुई। रूसी सेना नियमित रूप से यूक्रेनी ड्रोन हमलों की सूचना देती है, लेकिन मॉस्को जैसे दूरस्थ क्षेत्र को निशाना बनाना असामान्य है। इस बार हमलों के कारण व्नुकोवो और



रद्द करनी पड़ीं। रक्षा मंत्रालय ने टेलीग्राम पर बताया कि 112 यूक्रेनी ड्रोन को छह अलग-अलग क्षेत्रों में मार गिराया गया। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि राजधानी की ओर बढ़ रहे 12 ड्रोन नष्ट किए गए। मंत्रालय के अनुसार, सबसे अधिक 59 ड्रोन दक्षिण-पश्चिमी ब्रायंस्क क्षेत्र में निशाना बनाकर दागे गए, जबकि कुर्स्क, बेलगोरोड, तुला, ओर्योल और कालुगा में भी हमले हुए। यह झुकोवस्की हवाई अड्डों पर उड़ान प्रतिबंध लगाए गए। यूक्रेन के हमलों ने रूस की गति को प्रभावित किया है। रविवार को हुए हमलों में 13 नागरिकों की मौत हुई, जिनमें तीन बच्चे शामिल थे। यूक्रेन का दावा है कि रूस ने तीन दिनों में 900 से अधिक ड्रोन दागे। शांतिवार्ता और सीजफायर की कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। दोनों देशों के बीच सीजफायर कुछ घंटों से अधिक नहीं टिका।

### क्राफ्ट मेले में उमड़ी भीड़, मुख्यमंत्री बोले -

# आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं कारीगर

### ग्रामश्री के नाम से देश विदेश में जा रहे प्रोडक्ट- आनंदी बेन पटेल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने क्राफ्ट मेला का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भोपाल हाट में भोपाल की आत्म बसती है। छोटे-छोटे लोग अपने हुनर पर काम कर रहे हैं। यहां अद्भुत प्रदर्शन लगी है। हमको सबको काम से जोड़ना है। मशीनों से काम करवाने की जगह लोगों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। एमपी का मंत्रलाय क्राफ्ट को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।





### मुख्यमंत्री ने कहा- स्टील का बर्तन खाने के लिए ठीक नहीं

गुरुवार को सीएम डॉ मोहन यादव ने भोपाल हाट में आयोजित क्राफ्ट रूट्स हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल मौजूद रही। भोपाल के हाट बाजार में पांच दिवसीय क्राफ्ट मेला लगाया गया है। जहां देशभर से आए कलाकारों ने 80 स्टाल लगाए है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भोपाल के हाट बाजार में भोपाल की आत्मा बसती है। राजधानी में अद्भुत प्रदर्शनी लगी है। वहीं उन्होंने कहा कि स्टील का बर्तन खाने के लिए ठीक नही है। भोजन कांसे के बर्तन में करना चाहिए।

### यूपी की राज्यपाल ने क्राफ्ट पर जीएसटी को लेकर दी ये सलाह

वहीं आंनदी बेन पटेल ने क्राफ्ट पर तस्ञ्ज को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सीएम डॉ मोहन यादव को सलाह दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि सभी प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करें और क्राफ्ट पर जीएसटी हटाने की मांग करें। आनंदी बेन ने कहा कि पीएम मोदी जरूर सुनवाई करेंगे।

### कलाकारों ने हमारी विरासत को बचा कर रखा- आनंदी बेन पटेल



यूपी की राज्यपाल आंनदी बेन पटेल ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन कलाकारों ने हमारी विरासत को बचा कर रखा है। टेक्नोलॉजी का जमाना है अच्छे कपड़े सबको चाहिए। विदेशों से कई बच्चे सीखने आ रहे हैं। बीजेपी कार्यकर्ताओं को बड़ी संस्था बनाकर समाज को जोड़ना चाहिए। ग्रामश्री के नाम से देश विदेश में प्रोडक्ट जा रहे है। उन्होंने बताया कि 25 साल पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने ग्रामश्री नाम सुझाया था। मुझसे पूछा जाता था मेरे परिवार से राजनीति में कौन आएगा, मैं कहती थी राजनीति में मेरे परिवार में कोई नहीं आएगा।

## एक बार कमिटमेंट कर दी, फिर अपने आप की भी नहीं सुनता: एयर मार्शल

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय की जीत बताया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय बलों ने मिलकर इसे बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया। सीआईआई बिजनेस समिट में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा, हम सच्चाई के रास्ते पर चल रहे थे, मुझे लगता है कि इसमें भगवान भी हमारे साथ थे। इस दौरान उन्होंने प्राण जाय पर वचन न जाए...और एक बार हमने जो कमिट कर लिया है, उसके बाद अपने आप की भी नहीं सुनता जैसी बातें भी कहीं। वायुसेना प्रमुख ने कहा, हम जिस ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात कर रहे हैं, यह एक राष्ट्रीय जीत है। मैं हर भारतीय का शुक्रिया अदा करता हूं। मुझे यकीन है कि हर भारतीय इस जीत की उम्मीद कर रहा था।उन्होंने कहा, जैसा कि बार-बार कहा जाता रहा है कि यह एक ऐसा ऑपरेशन था, जिसे सभी ने बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया, सभी एजेंसियां, सभी बल, हम सभी एक साथ आए और जब सच्चाई आपके साथ होती है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।



## ओडिशा बॉर्डर पर नक्सलियों ने लूटा 5000 किलो बारूद, छत्तीसगढ़ में अलर्ट

**जशपुर।** छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर के बलगांव थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने बारूद से लोड 5000 किलोग्राम बारूद लूट लिया है। बताया जा रहा है कि 25-25 किलो की 200 पेटियों में बारूद भरा था। पत्थर खदान में लूटने के लिए करीब 40 से ज्यादा की संख्या में नक्सली पहुंचे थे।जानकारी के मुताबिक बारूद को झारखंड सीमा से लगे सुंदरगढ़ जिले के बैंग पत्थर खदान ले जाया जा रहा था, तभी नक्सलियों ने हमला कर ड्राइवर को किडनैप कर लिया और वैन सहित बारूद को जंगल की ओर ले गए।



## दुनिया एक और युद्ध के मुहाने पर, ट्रकों में सीमा की तरफ रवाना हुए सैनिक

**बैंकॉक।** वैश्विक युद्धक माहौल के बीच एक और जंग शुरू होने वाली है। थाईलैंड और कंबोडिया जंग के मुहाने पर पहुंच गए हैं। बुधवार को सुबह विवादित सीमाक्षेत्र में थाई और कंबोडियाई सैनिकों ने एक दूसरे पर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। कंबोडियन सेना के प्रवक्ता माओ फाल्ला ने कहा कि कंबोडियाई सैनिक सीमा पर नियमित गश्त कर रहे थे, तभी थाई पक्ष ने गोलीबारी शुरू कर दी।



### हिंडनबर्ग से जुड़ी शिकायतों पर लोकपाल ने पूर्व सेबी प्रमुख को क्लीन चिट दी

# माधवी पुरी बुच के खिलाफ शिकायतें अस्थिर, निराधार और तुच्छता की सीमा पर

**नई दिल्ली।** लोकपाल ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की पूर्व अध्यक्ष माधवी पुरी बुच को क्लीन चिट दे दी। उन पर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज कर दिया। एक दृढ़ और स्पष्ट आदेश में लोकपाल ने कहा कि बुच के खिलाफ शिकायतें 'अस्थिर, निराधार और तुच्छता की सीमा पर थीं।' भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल ने निष्कर्ष निकाला कि सेबी में बुच के कार्यकाल के दौरान कदाचार या भ्रष्टाचार के दावों का समर्थन करने के लिए कोई भौतिक सबूत नहीं था। ये आरोप माधवी पुरी बुच पर अमेरिका स्थित शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट जो 10 अगस्त, 2024 को प्रकाशित हुई थी में किए गए दावों से निकले थे, जिसमें अडानी समूह पर स्टॉक हेरफेर और अकाउंटिंग धोखाधड़ी का आरोप था। इस रिपोर्ट में यह आरोप भी लगाया गया था कि माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने अडानी समूह से जुड़े एक फंड में भारी निवेश किया था, जिससे हितों का टकराव उत्पन्न होता है।



साथ ही आरोप था कि उन्होंने एमएंडएम और ब्लैकस्टोन जैसी बड़ी कंपनियों से परामर्श शुल्क के नाम पर आर्थिक लाभ उठाया। कुछ आरोप वॉकहार्ट से किराए की आय के जरिए संदिग्ध लेन-देन और आईसीआई बैंक के ईएसओपी बेचकर अनुचित लाभ कमाने से जुड़े थे। इतना ही नहीं, इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि उन्होंने कुछ मामलों से अलग होने का नकली दिखावा किया, ताकि हितों के टकराव से बचा जा सके। इसके बाद, सेबी की नियामक निगरानी के बारे में कुछ तिमाहियों में सवाल उठाए गए, जिसके कारण बाजार नियामक में बुच के नेतृत्व को निशाना बनाते हुए कुछ शिकायतें सामने आई थीं। लोकपाल ने पिछले साल 8 नवंबर को लोकसभा सदस्य मोइत्रा और दो अन्य द्वारा दायर शिकायतों पर बुच से स्पष्टीकरण मांगा था।

### कौन है माधबी पुरी बुच

माधबी पुरी बुच देश की पहली महिला सेबी चेयरपर्सन बनी थीं। मार्च 2022 में उन्हें इस अहम पद पर नियुक्त किया गया। इससे पहले वे सेबी में ही पूर्णकालिक सदस्य रह चुकी थीं और टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स के क्षेत्र में उन्होंने कई अहम पहल की थीं। इससे पहले वे आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की एमडी और सीईओ रह चुकी थीं। अपनी स्पष्ट और मजबूत नीतियों के लिए पहचानी जाने वाली बुच को बाजार नियमन में पारदर्शिता और तकनीकी सुधार लाने के लिए जाना जाता है। वे परामर्श एवं इनक्यूबेशन फर्म, अगोरा एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक-निदेशक हैं, तथा सेबी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से पहले उन्होंने चीन में न्यू डेवलपमेंट बैंक में भी काम किया है। बुच को वित्तीय बाज़ार का तीन दशकों का अनुभव है। वे 1989 में आईसीआईसीआई बैंक में शामिल हुईं और एक निवेश बैंकर के रूप में काम किया।

डॉक्टरों की कमी तथा नवीन बिल्डिंग के कार्य को शीघ्र पूरा करने पर किया विचार विमर्श

# कोरोना को देखते हुए रोगी कल्याण समिति ने सिविल अस्पताल की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



**संत हिरदाराम नगर।** राजधानी के साथ उपनगर के सिविल अस्पताल में मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। यहां पर नए भवन का निर्माण भी तेजी से चल रहा है जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। मरीजों को ओर बेहतर सुविधा मिले इसके लिए विधायक रामेश्वर शर्मा ने रोगी कल्याण समिति अस्पताल की टीम एवं अन्य अधिकारियों के साथ सिविल अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिए जिसके बाद सिविल हॉस्पिटल रोगी कल्याण समिति के सदस्य बसंत चेलानी, हरीश मुलानी भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी, चन्दर नागदेव, कन्हैयालाल मोटवानी, सूरज यादव ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया और अधिक्षक डॉ जे. के. जैन के से साथ मीटिंग की। कोरोना फिर से दस्तक दे चुका है जिससे मरीजों को ओर बेहतर ईलाज की सुविधा मिल सके और जो महिलाएं डिलेवरी के लिए आती है या जो एक्सींडेट के केस आते है उन्हें तत्काल ईलाज मिल सके इसकी पूरी सुविधा होनी चाहिए।

डॉक्टरों की कमी तथा नवीन बिल्डिंग के कार्य को शीघ्र पूरा करने इत्यादी बातों पर विचार विमर्श किया गया। अब जल्द ही विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा शीघ्र ही सिविल अस्पताल का दौरा कर अधिक्षक के साथ मीटिंग करने की बात कही गई है।

# वीर सावरकर जयंती पर विधायक सबनानी ने पुष्पांजलि अर्पित की



**भोपाल।** भारत माता के वीर सपूत एवं प्रखर राष्ट्रवादी विनायक दामोदर सावरकर जी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं महापौर मालती राय ने दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कोटरा में वीर सावरकर उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वीर सावरकर सामाजिक सांस्कृतिक एवं खेल सरंक्षण समिति द्वारा आयोजित वीर सावरकर की जीवनी पर अधृत निबंध प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र विधायक भगवानदास सबनानी महापौर मालती राय और नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के द्वारा वितरित किए गए। प्रथम पुरस्कार अंशिका शर्मा द्वितीय पुरस्कार दुर्गेश साहू तृतीय पुरस्कार यशस्वनी गुप्ता को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया गया। समिति के सचिव मुकेश गुप्ता ने बताया कि सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता में अनेकों स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया, प्रत्येक बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष कमल गर्ग ने वीर सावरकर जयंती के कार्यक्रम में पधारे विधायक भगवानदास सबनानी महापौर मालती राय नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा तथा इन्दौर से पधारे संतोष महंत गुप्ता पूर्व पार्षद मुकेश राय संतोष ब्रह्मभट्ट रामनेता सिंह प्रतीक्षा ब्रह्मभट्ट राजश्री गुप्ता सहित उपस्थित विद्यार्थियों के साथ ही समारोह को गौरवान्वित करने वाले उपस्थित जनसमुदाय का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश में भोपाल जिले से हुई बीपीएलएम उपचार पद्धति की शुरुआत



## सीएचएमओ द्वारा विशेषज्ञों की उपस्थिति में किया गया प्रारंभ एमडीआर टीबी मरीजों को मिलेगा और प्रभावी उपचार

**भोपाल।** एमडीआर टीबी मरीजों के लिए पहले से अधिक प्रभावी उपचार बीपीएलएम की शुरुआत बुधवार से भोपाल जिले में की गई। जल्द ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी ये उपचार प्रारम्भ होगा। जिला क्षय केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में इन दवाइयों के उपयोग और मरीजों को होने वाले चिकित्सकीय लाभ की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर स्टेट ट्यूबरक्लोसिस डेमोंस्ट्रेशन सेंटर डायरेक्टर डॉ. मनोज वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी, श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित तोमर, स्टेट ड्रग स्टोर प्रभारी डॉ. नीलम धवन, जिला क्षय अधिकारी डॉ. प्रांजल खरे सहित क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के मैदानी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 35 वर्षीय एमडीआर टीबी मरीज को दवा सेवन एवं फूड बास्केट प्रदान किया गया। यह दवाइयां मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस मरीजों के लिए बेहद उपयोगी है। बीपालएम उपचार पद्धति में चार दवाओं बेडाक्विलाइन, प्रीटोमैनिड, लाइनज़ोलिड और मोक्सीफ्लोक्सासिन शामिल है। इन दवाइयों का डोज पिछली एमडीआर-टीबी उपचार प्रक्रिया की तुलना में अधिक प्रभावी और तेज़ उपचार विकल्प साबित हुआ है। पारंपरिक एमडीआर-टीबी उपचार 20 महीने तक चल सकते हैं, जबकि बीपीएलएम उपचार पद्धति दवा प्रतिरोधी टीबी को केवल 6 से 9 महीने में ठीक कर सकती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि 14 साल से अधिक उम्र के लोगों को ये दवाइयां दी जा रही हैं। इससे कम उम्र के मरीजों को निर्धारित चिकित्सकीय प्रोटोकॉल के अनुसार दवाइयां दी जाएंगी।

## 31 मई को कायस्थम आयोजित करेगा शरद श्रीवास्तव के फोटोग्राफ की दो दिवसीय प्रदर्शनी

**भोपाल।** कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर संस्था के फोटोग्राफर शरद श्रीवास्तव के बोलते छायाचित्रों की दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। नशा छोड़ो घर जोड़ो÷ के तहत आयोजित यह प्रदर्शनी 30 और 31 मई को भोपाल के शिवाजी नगर स्थित दुष्यंत कुमार पांडुलिपि स्मारक संग्रहालय (साढ़े छह नंबर) में आयोजित होगी। प्रदर्शनी का शुभारंभ 30 मई को शाम 4 बजे सांसद आलोक शर्मा, विधायक श्री भगवान दास सबनानी और पूर्व सांसद आलोक संजर करेंगे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 31 मई को सायं 4.30 बजे प्रदर्शनी का समापन करेंगे। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ पत्रकार और कायस्थम के संरक्षक श्री महेश श्रीवास्तव भी इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। दोनों दिन प्रदर्शनी का समय शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक का रहेगा। प्रदर्शनी का अवलोकन करने अनेक विशिष्टजन आएंगे। कायस्थम ने सभी से अनुरोध किया है कि नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ कायस्थम द्वारा उठाए गए कदम में भागीदार बने और प्रदर्शनी का अवलोकन करने अवश्य आएं। कोई भी नशा, तंबाकू या सिगरेट, शराब का सेवन समाज के ऊपर कलंक है। कायस्थम इस कलंक को धोना चाहता है। इसके लिए शरद श्रीवास्तव के फोटोग्राफ समाज को तंबाकू और अन्य प्रकार के नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते है।

## महाराज अग्रसेन की 15वीं महाआरती 1 जून को



**भोपाल।** अग्रकुल प्रवर्तक एवं अग्रवाल समाज के आराध्य देव भगवान अग्रसेन महाराज और कुलदेवी माँ लक्ष्मी की महाआरती- रविवार, 1 जून को सायं 6 बजे प्रारम्भ आईटीसी पार्क, कमला पार्क के सामने, भोपाल की जा रही हैं। नितिन गुप्ता और विनीत अग्रवाल ने बताया कि माह के प्रथम रविवार को महाआरती करने का जो संकल्प लिया था वह निरंतर जारी है। भोपाल में नियमित आरती होने से अग्रवाल समाज में एकता, अखंडता के साथ ही भक्ति-भाव और समरसता का माहौल स्थापित हो रहा है। मुकेश गोयल ने बताया कि भोपाल में आरती प्रारंभ होने से अग्रवाल समाज में भक्ति भाव और अपने आराध्य देव के उद्देश्य को सार्थक करने के साथ ही उनके समाज सुधारक, धर्मप्रेमी और दयालु जीवन को अपना कर समाज का कल्याण करने का भी भाव देखने को मिल रहा है। आरती में अग्र बंधु जजमानी करने के लिए आतुर हो रहे हैं। भगवान अग्रसेन महाराज जी की प्रतिमा पर नियमित माल्यार्पण भी किया जा रहा है। इस बार महाआरती की जजमानी संजीव अग्रवाल (बृजवासी मिष्ठान भंडार न्यू मार्केट, भोपाल) द्वारा की जा रही है। आरती में कैलाश मित्तल अध्यक्ष मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा भी उपस्थित रहेंगे।



**भोपाल।** बुधवार को 28 मई 2025 मग़रिब की नमाज़ के बाद मोती मस्जिद भोपाल में रोइय्यते हिलाल कमेटी की मीटिंग आयोजित हुई जिसमे शहर काज़ी सैय्यद मुस्ताक अली नदवी ने बताया की 7 जून 2025 दिन शनिवार को ईदुल अज़्हा मनाई जाएगी।

## मोदी सरकार किसानों का जीवन बदलने संकल्पित है: दर्शन सिंह

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा धान, कपास, सोयाबीन, अरहर समेत खरीफ की 14 फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त और खुशहाल बनाना तथा कृषि को लाभ का धंधा बनाना मोदी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है और भाजपा की सरकार इसके लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। खरीफ की जिन फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है, उनमें से अधिकांश मध्यप्रदेश में भी उगाई जाती हैं और मध्यप्रदेश के किसानों को भी बढ़े हुए समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कितनी समर्पित है, इसका अंदाज इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि जिस स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को पूर्ववर्ती सरकारों ने बरसों तक ठंडे बस्ते में डालकर रखा, उसे भाजपा की सरकार ने लागू किया। यही नहीं, बल्कि मोदी सरकार लगातार फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की समीक्षा करती है, ताकि किसानों को लागत की तुलना में उनकी फसलों का लाभप्रद मूल्य दिलाया जा सके। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा धान, कपास, सोयाबीन, अरहर समेत खरीफ की 14 फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाना इसी दिशा में उठाया गया एक और कदम है।

## स्वसहायता की गीता मीणा की कहानी बनी प्रेरणा

**भोपाल।** गांव की एक सामान्य गृहिणी से आत्मनिर्भर उद्यमी बनने की यह कहानी है श्रीमती गीता मीणा की, जो तारा सेवनिया की निवासी हैं। कभी वह अपने घर की चारदीवारी में सीमित थीं, लेकिन आज वह न केवल अपने परिवार की आर्थिक रीढ़ हैं, बल्कि समाज में एक प्रेरणा का स्रोत भी बनी हुई हैं। श्रीमती गीता बताती हैं कि पहले वह केवल घर का काम करती थीं और पारंपरिक रूप से पशुपालन से जुड़ी थीं। लेकिन जब उन्होंने अपने गांव की अन्य महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनते देखा, तो उनके भीतर भी कुछ कर दिखाने की जिज्ञासा जगी। वर्ष 2018 में उन्होंने मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर 'कविता स्व-सहायता समूह' की सदस्यता ली और यहीं से उनके जीवन में बदलाव की शुरुआत हुई। गृहकार्य और पशुपालन के साथ-साथ उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और फिर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में भी कार्य करना शुरू किया। आज उनके पास 3 गायें और 5 भैंसें हैं, जिनसे वे प्रतिदिन 40 से 50 लीटर दूध बेचती हैं। इसके अलावा वे सिलाई, कढ़ाई और समूह में बुक कीपर का कार्य भी करती हैं। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें जिले की ÷लखपति दीदियों÷ में शामिल कर दिया है ङ्क वे महिलाएं जो अब लाखों की वार्षिक आय अर्जित कर रही हैं। आज श्रीमती गीता न केवल अपने बच्चों की पढ़ाई का ख़र्च स्वयं उठा रही हैं, बल्कि उन्होंने अपने आत्म-सम्मान और पहचान को भी सशक्त रूप से स्थापित किया है। वे कहती हैं अजीविका मिशन ने मुझे न केवल आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि जीवन को जीने का एक नया नजरिया दिया है।

## राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा 2 जून से, समस्या के समाधान के लिये कंट्रोल-रूम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड (राज्य ओपन स्कूल) की कक्षा-10वीं एवं 12वीं के लिये संचालित रुक जाना नहीं योजना, आ लौट चलें योजना, ओपन स्कूल (परम्परागत), आईटीआई परीक्षा, सीबीएसई ऑन डिमांड परीक्षा और कक्षा-5वीं-8वीं की आगामी परीक्षा 2 जून से 20 जून, 2025 तक प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित की जा रही हैं। उक्त परीक्षाओं के प्रवेश-पत्र जारी कर दिये गये हैं, जो मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट www.mpsos.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले आवेदक किसी भी प्रकार की सहायता कार्यालय के कंट्रोल-रूम के फोन नम्बर-0755-2552106 से प्राप्त कर सकते हैं।

## तंबाकू एक धीमा जहर-बचाव ही समझदारी थीम पर मनाया जाएगा विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**भोपाल।** तंबाकू एक धीमा जहर है, इससे बचाव ही समझदारी थीम पर 31 मई को ÷विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में तंबाकू व नशा विरोधी गतिविधियाँ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। जिनमें छात्रों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों तथा विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंणकर ने बताया कि इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम पर आधारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रत्येक जिले में प्रभातफेरी, मैराथन, रंगोली, नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से समाज को तंबाकू के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा। भोपाल में आयोजित मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से कैंसर, टीबी और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव का संदेश देंगे। साथ ही, तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर आधारित वॉल पेंटिंग और पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। शहर के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर बैनर और होर्डिंग्स के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश, राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 का भी प्रचार किया जा रहा है। इससे नशा छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को उचित मार्गदर्शन मिल सके। प्रमुख सचिव श्रीमती वायंणकर ने बताया कि विशेष रूप से विद्यालयों और महाविद्यालयों के 100 मीटर के दायरे में पान-गुटका की दुकानों पर विक्रय पर प्रतिबंध की कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी। साथ ही, ग्रीष्मकालीन शिविरों में आयोजित चित्रकला, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में विषय के प्रति गहरी समझ विकसित करने के प्रयास किए जा रहे है।

## भारत बना विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था: ढालिया



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र को आर्थिक गति देने वाली नीतियों के आधार पर भारत की अर्थव्यवस्था ने लंबी छलांग लगाई है। 4.187 ट्रिलियन स्ड के साथ भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथे स्थान पर अपनी जगह बनाई। भोपाल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्य और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े समाजसेवी भगवान दास ढालिया ने चर्चा में बताया वर्तमान में केवल अमेरीका, चीन और जर्मनी ही भारत से ऊपर है निश्चित ही वह दिन भी दूर नहीं जब हम विश्व की सर्वश्रेष्ठ अर्थव्यवस्था बनेंगे। यह प्रत्येक देशवासी के लिए एक गौरव का क्षण है।

## आईसेक्ट बना क्रिकेट लीग का प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर

**भोपाल।** आईसेक्ट समूह के अध्यक्ष श्री संतोष चौबे ने घोषणा की है कि आईसेक्ट को मध्यप्रदेश क्रिकेट लीग का प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर बनने पर अत्यंत गर्व और प्रसन्नता है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्रिकेट भारत में केवल एक खेल नहीं है, बल्कि एक जुनून है जो समुदायों को जोड़ता है और पीढ़ियों को प्रेरित करता है। इस साझेदारी के माध्यम से हमारा उद्देश्य मध्यप्रदेश के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों को एक मजबूत मंच प्रदान करना है जिससे वे अपने हुनर को दिखा सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें। यह प्रयास आईसेक्ट के उस लक्ष्य के साथ पूर्णतः मेल खाता है, जिसके तहत हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने और क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आईसेक्ट की ओर से प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर का प्रतिनिधित्व करते हुए, आईसेक्ट के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने सभी खिलाड़ियों एवं आयोजकों को आगामी क्रिकेट सत्र के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में क्रिकेट के भविष्य को संवारने और इस लीग की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आईसेक्ट पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

# जागरूकता कार्यशाला में विशेषज्ञों ने किया शंकाओं का समाधान

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल




मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए सीएमएचओ कार्यालय भोपाल द्वारा विश्व माहवारी दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। कार्यशाला को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया भावे चित्तावर, वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ डॉ. अमिता सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.ज्योति खरे द्वारा संबोधित किया गया। विशेषज्ञों द्वारा किशोर बालिकाओं और महिलाओं के सवालों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समाधान भी किया गया। मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में परामर्श एवं जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया। जिसमें किशोरियों को शारीरिक बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर ने कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण बेहद जरूरी है। किशोरवय बालिकाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर शरीर, बुद्धि और मन से मजबूत रहना आवश्यक है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों तक इस विषय पर जानकारी और सेवाओं को और बेहतर किया जा रहा है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम से रखी जा रही स्वस्थ समाज की नींव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की एनीमिया की जांच, आयरन फोलिक एसिड के सेवन के लाभ, सेनेटरी पैड के उपयोग और निस्तारण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा किशोर किशोरियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत शारीरिक, बौद्धिक एवं भावनात्मक समस्याओं का निराकरण किया जाता है। डॉ. तिवारी ने कहा कि किशोरावस्था शुरू होते ही लड़के एवं लड़कियों में कई शारीरिक बदलाव होते हैं, जो एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया भावे चित्तावर ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान प्रतिदिन 2 से 3 पैड का इस्तेमाल सामान्य है। 5 से अधिक पैड अत्याधिक रक्तस्राव का सूचक है। माहवारी के बाद भी बीच समय में ब्लीडिंग, सम्भोग के दौरान कहीं आना गंभीर लक्षण है। इसकी चिकित्सक से जांच जरूरी है। डॉ. प्रिया ने बताया कि पैड्स को इस्तेमाल के बाद कागज में लपेट कर ऐसे कूड़ेदान में डाला जाना चाहिए जो प्रतिदिन खाली किए जाते हैं। सभी सप्लीमेंट्स हमारी रसोई में ही मौजूद कार्यशाला को संबोधित करते हुए वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ डॉ. अमिता सिंह ने बताया कि आयरन के अवशोषण में खट्टी चीजों का उपयोग जरूरी है। मुरमुरा, भुना चना, नींबू प्रोटीन, आयरन और विटामिन सी के बेहद अच्छे स्रोत हैं। लोहे की कढ़ाई में बना खाना स्वास्थ्य के लिए ज्यादा उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियां गलतफहमियां और इसे धार्मिक विश्वासों से जोड़कर जटिल बना दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि किशोरियों में होने वाले बदलावों में सबसे महत्वपूर्ण माहवारी की शुरुआत होना है। इसे देखते हुए विषय विशेषज्ञों द्वारा इस विषय पर वैज्ञानिक एवं प्रमाणिक जानकारी देने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण विषय पर सही जानकारी ना होने के कारण लड़कियां माहवारी शुरू होने पर शर्मिंदगी का अनुभव करती है। जिसका असर उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है और कई बार तो उन्हें संक्रमण का सामना भी करना पड़ता है।

## शिवराज की पदयात्रा पर दिग्विजय सिंह का वार

# किसानों के मुद्दों को लेकर उठाए सवाल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



शिवराज सिंह चौहान अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा में पदयात्रा पर हैं। यह यात्रा 25 मई से शुरू हुई है और अब हर सप्ताह दो दिन चलेगी। इस यात्रा के जरिए शिवराज जनता से संवाद कर रहे हैं और जनसमस्याओं को जान रहे हैं। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर शिवराज से किसानों के मुद्दों पर तीन सवाल पूछे।

### गेहूं भुगतान में देरी और ब्याज राहत की मांग

दिग्विजय ने पहला मुद्दा उठाया कि मार्च में गेहूं खरीदी पूरी हो गई, लेकिन अभी तक किसानों के खातों में भुगतान नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे किसानों को ब्याज में कोई राहत नहीं मिली है। यह विषय लंबे समय से किसानों के बीच चिंता का कारण बना हुआ है।

### मूंग फसल की स्स्क्कपर खरीदी नहीं, किसान परेशान

दूसरे सवाल में दिग्विजय सिंह ने नर्मदा घाटी क्षेत्र में मूंग की फसल के समर्थन मूल्य (स्स्क्क) पर खरीदी नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस बार अधिक क्षेत्र में मूंग की खेती हुई है, लेकिन सरकार ने स्स्क्कपर खरीदी के आदेश नहीं दिए। इससे किसान एमएसपी से कम दाम पर फसल बेचने को मजबूर हैं।

### डीएपी खाद की किल्लत को लेकर भी जताई चिंता

दिग्विजय सिंह ने तीसरा सवाल ष्ठ्ठक्क खाद की उपलब्धता को लेकर उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को फिर से ष्ठ्ठक्कखाद नहीं मिल रही है। यह स्थिति पिछले कई सीजन से दोहराई जा रही है, जिससे बुवाई प्रभावित हो रही है।

### इसके पहले पत्र लिखकर प्याज का मुद्दा उठाया था

दिग्विजय सिंह ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर प्याज उत्पादक किसानों की स्थिति को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने पत्र में कहा कि मध्यप्रदेश के कई जिलों में किसानों ने भारी मात्रा में प्याज का उत्पादन किया है। परंतु उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने लिखा कि नाफेड को वर्ष 2025 में 3 लाख मीट्रिक टन प्याज खरीदने का लक्ष्य मिला था, लेकिन अभी तक खरीदी शुरू नहीं हुई है। नतीजतन, व्यापारी किसानों की प्याज कम कीमत पर खरीद रहे हैं और वही प्याज नाफेड अधिक दाम पर व्यापारियों से खरीद रहा है।



भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम 31 मई को जम्बूरी मैदान में प्रस्तावित है। इसको लेकर व्यापक तैयारियां चल रही है।















# भारत संतों और ऋषियों की भूमि, संत और ऋषि करते हैं सही मार्गदर्शन : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

### श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि भारत संतों, ऋषियों और मनीषियों की भूमि है। संत और ऋषि हमें जीवन जीने का सही रास्ता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे श्रीमद्जगतगुरु राजेन्द्र दास जी महाराज श्री धाम वृन्दावन के दर्शन प्राप्त हुए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल निवाड़ी जिले के प्रवास के दौरान कनक भवन मंदिर, भक्तमाली आश्रम ओरछा में श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने कथावाचक श्रीमद्जगतगुरु राजेन्द्र दास जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने उपस्थित जनों से गौसेवा और गौपूजन के महत्व पर विचार साझा किए। विधायक निवाड़ी अनिल जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ओरछा में भगवान रामराजा सरकार के किए दर्शन



भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निवाड़ी जिले के अल्पप्रवास के दौरान ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी ओरछा में भगवान श्री रामराजा सरकार के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं निरंतर विकास की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवान श्री रामराजा सरकार आस्था, श्रद्धा और विश्वास के प्रतीक हैं। उनका आशीर्वाद हमें सेवा, समर्पण और सुशासन के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देता है। ओरछा की धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत पूरे देश में अद्वितीय है। विधायक निवाड़ी श्री अनिल जैन, कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़, पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, उपस्थित रहे।

## शुक्ल ने झांसी में एशिया के पहले नेट जीरो पुस्तकालय का किया अवलोकन



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने झाँसी में एशिया के पहले नेट-ज़ीरो पुस्तकालय का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह मॉडल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरणीय संतुलन और सतत विकास के विजन का जीवंत उदाहरण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर, वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। राज्य में सतत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ठोस रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास शिक्षा, ऊर्जा, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण को एकीकृत करते हुए विकास को नई दिशा देते हैं। झांसी पुस्तकालय झांसी विकास प्राधिकरण (उत्तर प्रदेश सरकार) द्वारा निर्मित किया गया है। झाँसी पुस्तकालय को विश्व बैंक की सहयोगी संस्था अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) द्वारा एशिया का पहला नेट-ज़ीरो पुस्तकालय घोषित किया गया है।

# सारणी ने पूरे प्रदेश को ऊर्जा से सराबोर करते हुए विकास के कारवां को आगे बढ़ाया : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने सारणी में 464 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

### स्टार्ट-अप अभियान में महिला स्वसहायता समूहों की कंपनियों में 8 करोड़ से अधिक के इंट्रेस्ट टू इन्वेस्ट लेटर सौंपे




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के साथ पूरा देश लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती मना रहा है और हमारी सरकार महिला स्वावलंबन तथा सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बैतूल जिले के सारणी में स्व-सहायता समूह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां 464 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया तथा बैतूल के विकास पर केंद्रित पुस्तिका ÷विकास के पथ पर अग्रसर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वसहायता समूह से स्टार्ट-अप अभियान के तहत 4 स्वसहायता समूह की महिलाओं को स्टार्ट-अप कंपनियों में 8 करोड़ 10 लाख रूपये के इंट्रेस्ट टू इन्वेस्ट पत्र वितरित किये।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मठार देव बाबा और मां ताप्ती के जयघोष करते हुए कहा कि बैतूल जिले के सारणी की महिमा न्यारी हैं, सही मायनों में धरती की शोभा सारणी में विद्यमान है। सारणी ने पूरे प्रदेश को ऊर्जा से सराबोर करते हुए विकास के कारवां को आगे बढ़ाया जिससे मध्यप्रदेश जगमगाया। सारणी के कोल भंडार सोने की तरह है। बैतूल जिले को ईश्वर का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कोयले के भंडार, मां ताप्ती का उद्गम ,उन्नत कृषि इत्यादि प्राकृतिक संपदाओं के साथ यह जनजातीय अंचल विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा हैं। प्रदेश के पहले फूड पार्क की स्थापना बैतूल जिले में ही की गई हैं, जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सेवाभावना का उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज मैं अपनी बहनों से मिलने बैतूल आया हूं÷। उन्होंने कहा कि बहनों के जीवन में दुख की छाया कभी ना आए और उनकी हर मनोकामनाएं पूर्ण हो, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गौरव गोंडवाना की महारानी दुर्गावती ने अपने शौर्य और पराक्रम से एक नहीं बल्कि 52 युद्ध में मुगल आक्रांताओं को परास्त किया। अपने अंतिम युद्ध में भी रानी दुर्गावती ने गुलामी स्वीकार न करते हुए स्वयं अपने खंजर से बलिदान देकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। ऐसा मध्यप्रदेश की बहनों का स्वर्णिम इतिहास रहा है। इसी प्रकार वीरांगना झांसी की रानी ने भी अंग्रेजों को करारी परास्त देकर देश की स्वतंत्रता की नींव रखीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी बहनों को प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में 31 मई को होने जा रहे कार्यक्रम के लिए आमंत्रित भी किया। आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा आमला विधानसभा में तीन बैराजों और सड़कों, पुल की स्वीकृति दिए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम, म.प्र. डे राज्य शहरी आजीविका मिशन, मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहित लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण, वन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान भारत सरकार की स्फूर्ति योजना अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की सृजनशील लाड़ली बहनों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प उत्पादों की उन्होंने सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सारणी में स्व-सहायता समूह के सम्मेलन, विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम स्थल पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पीपल के पौधे का रोपण भी किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, चन्द्रशेखर देशमुख, महेंद्र सिंह चौहान, श्रीमती गंगाबाई उईके, उपाध्यक्ष जनअभियान परिषद मोहन नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार सहित गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने किया पक्षी का अवलोकन

**भोपाल।** पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व पर्यावरण नियोजन समन्वय संगठन (एप्को) द्वारा बुधवार को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में भोपाल जिले के ईको क्लब विद्यालय एवं महाविद्यालय तथा जन-मानस के लिये पक्षी अवलोकन कराया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 40 प्रतिभागी शामिल हुए। पक्षी विशेषज्ञ श्री मोहम्मद खलिक एवं डॉ. संगीता राजगीर ने प्रतिभागियों को भोपाल में आने वाले प्रवासी पक्षियों का अवलोकन एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिसमें कोयल, ग्रे-हेरान, लिटिल कारमोरेंट, इंडियन रोबिन, रोज रिंग पैराकिट, व्हाइट थ्रोटेड किंग फिशर के बारे में बताया गया। साथ ही विभिन्न पक्षियों द्वारा बनाये जाने वाले घोंसले तथा पक्षियों के पारिस्थितिकी संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण में भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विश्व पर्यावरण दिवस की इस वर्ष की थीम Ending Plastic Pollution Globall के संदर्भ में प्लास्टिक से पक्षियों को हो रही समस्याओं तथा प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिये विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को एप्को द्वारा रिसाइकल पेपर से निर्मित संसाधन सामग्री उपलब्ध कराई गई एवं प्रमाण-पत्र वितरित किये गये।

## निजी विद्यालयों में निशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन लॉटरी आज निकालेंगे

भोपाल। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा गुरूवार 29 मई को प्रात~ 11 बजे निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी होगी। इसका सीधा प्रसारण राज्य शिक्षा केन्द्र के यूट्यूब चैनल पर किया जायेगा। आवेदक 29 मई को प्रात~ 11 के बाद उनके बच्चों को आवंटित शाला की जानकारी आरटीई पोर्टल www.rteportal.mp.gov.in पर भी देख सकेंगे। साथ ही बच्चों के माता-पिता आवंटन-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। जानकारी आवेदकों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जायेगी। उल्लेखनीय है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12 (1) (ष्ट) के अंतर्गत, गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में, वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को कक्षा-1 या प्री-स्कूल की प्रथम प्रवेशित कक्षा में न्यूनतम 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश का प्रावधान है। इसके लिए मध्यप्रदेश में पूर्णत~ पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवेदन एवं शाला आवंटन ऑनलाइन तरीके से किया जाता है। इस वर्ष दस्तावेज सत्यापन के बाद ऑनलाइन लॉटरी के लिये लगभग एक लाख 66 हज़ार 751 बच्चे पात्र पाये गये हैं। इनमें 87 हजार 21 बालक तथा 79 हज़ार 730 बालिकाएँ हैं। इन बच्चों से फार्म भरने का कोई भी शुल्क नहीं लिया गया है। ऑनलाइन लॉटरी द्वारा चयनित बच्चों को इस वर्ष प्रदेश के पात्र 18 हज़ार 422 निजी विद्यालयों की 93 हज़ार 822 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। ऑनलाइन लॉटरी में शाला आवंटन के बाद चयनित बच्चों के अभिभावकों द्वारा 2 से 10 जून के मध्य उन्हें आवंटित शालाओं में जाकर अपने बच्चों का निश्शुल्क प्रवेश कराना होगा।

# कृषि समागम का उद्देश्य किसानों को खेती की नई तकनीक और आधुनिक उपकरणों की जानकारी देना : मंत्री पटेल

### प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

### तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम का समापन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर में तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम का समापन कार्यक्रम कृषि उपज मंडी के समीप हुआ। मंत्री पटेल ने कहा कि कृषि उद्योग समागम की शुरुआत से लेकर समापन जिस सटीक रणनीति से संपन्न हुआ, इसके लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद देने आया हूं। मेले में विभिन्न जिलों से आये किसानों की यहां मौजूदगी रही। यहां आकर मैंने विभिन्न उत्पादों व आम की किस्मों को देखा है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी कृषि समागम कार्यक्रम की सराहना की। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस मेले का उद्देश्य किसानों व उद्यमियों को परंपरागत खेती की बजाय जैविक और उन्नत खेती के प्रति जागरूक करना और आधुनिक उपकरणों, कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से खेती में मार्गदर्शन और तकनीकी परामर्श देना था। अब समय आ गया है कि किसान एक-दूसरे से विचार-विमर्श और मंथन कर खेती की इन तकनीक को समझें, जिससे भू-जल स्तर बना रहे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम मेले के बारे में बताया। समापन कार्यक्रम में किसानों ने भी अपने विचार साझा किये है। उन्होंने कहा कि उन्नत खेती की ओर बढ़ने का मुख्यमंत्री का यह निर्णय सराहनीय है। किसानों के कृषि संबंधी नवीन कृषि उपकरणों को एक ही कार्यक्रम में समाहित किया गया है। कृषि आधारित प्रदर्शनी का लाभ किसानों को मिला है। किसानों ने प्रदर्शनी को सराहा।

मंत्री श्री पटेल ने प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया। उन्होंने उद्यानिकी के क्षेत्र में कृषक श्री शिवम दीक्षित, जैविक खेती व जैविक खाद्य के क्षेत्र में कृषक श्री गजेन्द्र सिंह, महिला कृषक श्रीमती अर्चना राजे स्वामी, नरवाई प्रबंधन में कृषक श्री शेरसिंह राजपूत, स्टॉल प्रदर्शनी में आम की किस्मों के लिए श्री विजय पाल सिंह, श्री गोविंद सिंह पटेल और गुड़ के विभिन्न उत्पाद के लिए श्री करण सिंह को सम्मानित किया।

## संपादकीय

# बिखरने लगी है प्रकृति की गति और लय, बदल रहा है मौसम का मिजाज

प्रकृति की अपनी गति होती है, लेकिन दुख की बात है कि उसकी लय पिछले कुछ वर्षों में बिखरने लगी है। पिछले कुछ दिनों में देश के अलग-अलग हिस्से में कहीं तेज आंधी चली, तो कहीं मूसलधार बारिश ने कहर बरपाया। दरअसल, वैश्विक ताप बढ़ने के साथ न केवल भारत में, बल्कि दुनियाभर में मौसम का चक्र टूट रहा है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में अप्रत्याशित आंधी-बारिश आई। राजधानी सहित देशभर के ज्यादातर हिस्से में जहां मई में भीषण गर्मी पड़ती है, वहीं इस बार मौसम इस कदर बदला कि लोगों को विश्वास ही नहीं हुआ कि यह बारिश का मौसम है या गर्मी का। मौसम विभाग ने ही बताया कि पिछले शनिवार को हुई बारिश ने 125 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए और रिहाइशी इलाकों में भी काफी नुकसान हुआ। राजधानी में तेज आंधी और बारिश के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इसे सहज माना जाए या फिर जलवायु परिवर्तन की चेतावनी समझा जाए।हाल ही में बेंगलुरु में लगातार बारिश से जन-जीवन थम-सा गया। घरों में पानी घुस गया। सड़कों पर नावें भी चलीं। महाराष्ट्र में भी कमोबेश यही स्थिति पैदा हुई। दूसरी ओर मानसून ने केरल में इस बार समय से पहले दस्तक दे दी है। हैरत की बात यह है कि कोई पंद्रह साल बाद यह सबसे जल्दी आया है। यह आमतौर पर एक जून को आता है, लेकिन इस वर्ष यह न केवल पहले आया, बल्कि देखते ही देखते कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों पर भी छा गया। भारत में मौसम के बदलते मिजाज की यह नई तस्वीर है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का मानना था कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं से मौसम बदला। मगर इसके बाद मौसम इस कदर पलटेगा और भयावह तूफान आएगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। विचित्र बात है कि एक ओर दक्षिण-पश्चिम भारत में बारिश हो रही है, तो उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत के कई राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं।

# हर देश का अपना ट्रंपकार्ड

**सरयूसुत मिश्रा**

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान घर में घुसकर पाकिस्तान को मारने की जितनी चर्चा है, उतनी ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की भी. ट्रंप का नाम ना भारत के प्रधानमंत्री ले रहे हैं, ना विदेश मंत्री और ना ही सेना और विदेश मंत्रालय ले रहा है..!!

ट्रंप के नाम की माला कांग्रेस जप रही है. कांग्रेस जितनी बार राहुल गांधी का नाम नहीं लेती, उतनी बार ट्रंप का नाम ले रही है. हर देश का अपना ट्रंपकार्ड है. पाकिस्तान को छोड़ कोई भी देश किसी दूसरे के ट्रंप कार्ड पर न कभी चला है और ना ही चल सकेगा. ट्रंप को अपनी राजनीति का ट्रंपकार्ड बनाने में कांग्रेस कितनी भी मेहनत करे लेकिन भारत के न्यू नॉर्मल में वह कहीं टिक नहीं पाएगा.

लगातार कहा जा रहा है कि, भारत की विदेश नीति फेल हो गई है. आजादी के बाद से भारत की विदेश नीति की दिशा एक ही रही है. भारत बिना गुटों में फंसे हुए अपने हितों की रक्षा के लिए सभी देशों से बेहतर संबंध की कूटनीति पर चलता रहा है. यही कूटनीति अभी भी चल रही है. बार-बार कहा जा रहा है कि, पाकिस्तान के साथ तो कुछ देश खड़े थे लेकिन भारत के साथ कोई भी खुलकर क्यों नही खड़ा हुआ.

यह तो सफलता है, कि बिना किसी देश के खुलकर खड़े होने के बावजूद पाकिस्तान को घर में घुसकर मारने की क्षमता भारत ने दिखाई. आतंक के खिलाफ अपने सेट टारगेट को हासिल किया. भारत को किसी भी देश से सैन्य शक्ति की सहायता की जरूरत नहीं है. भारत जिस आतंकवाद से लड़ रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चुनौती है. अमेरिका ने भी आतंकवाद भोगा है.

अमेरिका जानता है कि पाकिस्तान आतंकवादी देश है. ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में घुसकर अमेरिका ने मारा था. यूएनओ में जिन्हें आतंकवादी घोषित किया है, वह पाकिस्तान में ही रहते हैं.



हर देश अपने हितों के मुताबिक कूटनीति और विदेश नीति पर आगे बढ़ता है. अमेरिका ने कभी भी भारत का वक्त पर साथ नहीं दिया. इसके बावजूद देश के हर प्रधानमंत्री ने सुपर पावर अमेरिका से बेहतर रिश्ते बनाने के प्रयास ज़ारी रखे. इसी निरंतरता में पीएम नरेंद्र मोदी ने भी अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों को बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास किया. चाहे व्यापारिक हो या सामरिक, भारत ने अमेरिका के साथ बराबरी से दोस्ताना रिश्ते रखने के प्रयास किए.

आतंकवाद से युद्ध के लिए ऑपरेशन सिंदूर पहला मौका था जब भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका को अपनी विदेश नीति चलने का मौका मिला. ट्रंप ने वही किया जो अमेरिका के सभी राष्ट्रपति करते रहे हैं. भारत और पाकिस्तान की कोई तुलना नहीं है. भारत आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है. वही दूसरी तरफ पाकिस्तान दर-दर कटोरा लेकर भीख मांग रहा है.

जो प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ रहा हो उसे युद्ध से बचने की नीति पर चलना आवश्यक है. अगर पीएम नरेंद्र मोदी यह कह रहे हैं कि, पाकिस्तान की आर्मी और सरकार आतंक के जरिए पैसा कमाई कर रहे हैं, तो यह उन देशों के लिए भी संदेश है जो पैसे देकर पाकिस्तान को सहयोग कर रहे हैं. पाकिस्तान आर्मी तो किराए पर लड़ने के आर्मी बन गई है.

पहले भारत ने यूके को पीछे छोड़ा और अब जापान को. भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है. जो राष्ट्र आर्थिक प्रगति की रेस में सुपर पावर देशों की बराबरी की तरफ पहुंच रहा है, वह तो दोस्ती होने के बाद भी अखरता ही है. भारत केवल दुनिया के सुपर पावर देशों को ही नहीं अखर रहा है बल्कि भारत में भी उन ताकतों को अखर रहा है जो अपने आपको राजनीति का सुपर पावर समझते है.

ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिये घर में घुसकर मारने के भारतीय सैन्य अभियान से दुनिया चौकन्नी हो गई है. जो देश परंपरागत रूप से भारत के साथ दुश्मनी का व्यवहार करते हैं, जिनके साथ सीमाएं लगती हैं. और जिनके साथ हमारे सीमा विवाद बने हुए हैं, उनको जवाब देने के लिए भारत की दक्षता और क्षमता अब किसी विकसित शक्ति के सहयोग पर निर्भर नहीं है.

भारत आत्मनिर्भर हो रहा है. खास कर सैन्य इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग में भारत के प्रयासों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से नई गति मिली है. आकाश और ब्रह्मोस ने दुनिया को भारत की क्षमता दिखा दी है. अब भविष्य भारत में मिलेट्री इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग की आत्मनिर्भरता का है. अब सारे प्रयास यह मानकर करने के हैं कि, उभरते भारत का अब साथ लेने का नहीं बल्कि साथ देने का समय है. अब भारत जिसका साथ देगा, वह विश्व की शक्ति माना जाएगा. भारत का साथ देना विश्व शक्तियों की मजबूरी है.

रूस परंपरागत रूप से भारत का दोस्त रहा है. अमेरिका ने तो वक्त पर अपने देश की राजनीति ही की है. पाकिस्तान में उसके कई इंटरेस्ट हो सकते हैं. भारत अपनी भूमि का एक टुकड़ा किसी भी देश को नहीं दे सकता. लेकिन पाकिस्तान अपने देश में अमेरिका और चीन को सामरिक अड्डे बनाने के लिए जगह देता है. उनको मातृभूमि से कोई मतलब नहीं है. उनको तो कर्ज से मतलब है. जबकि भारत के लोग भारत माता और भारत भूमि के लिए सर्वस्व बलिदान करने के लिए तैयार रहते हैं.

भारत अगर पाकिस्तान को खुली चुनौती दे रहा है तो वह किसी के भरोसे नहीं दे रहा है. पाकिस्तान को दी जाने वाली चुनौती हर उस देश के लिए भी है, जो पाकिस्तान को सीधे और पीछे से सपोर्ट करता है.

पीएम नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर के बाद लगातार देश के विभिन्न क्षेत्रों की जनसभाओं में पाकिस्तान की जनता को भी आगाह कर रहे हैं कि, उनकी सेना और सरकार में उनका भविष्य तबाह कर दिया है. पाकिस्तान के अवाम को अपने भविष्य के लिए खड़े होना पड़ेगा.

यह भारत की ताकत है कि देश का प्रधानमंत्री खुले आम चुनौती दे रहा है कि, पाकिस्तान के लोग सुख के साथ रोटी खाएं या भारत की गोली.

पाक प्रायोजित आतंकवाद के सर्वनाश का खुला शंखनाद भारत कर चुका है. यह शंखनाद किसी दूसरे के भरोसे नहीं बल्कि भारत ने अपनी क्षमता के भरोसे किया है. आतंक के खिलाफ युद्ध भारत जीतेगा. यही जीत भारत को विश्व में सुपर पावर के रूप में स्थापित करेगी.

# स्वदेशी की जय और दुश्मनों में भय

**राकेश शर्मा**




मंगलवार को जब प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात की धरती से आव्हान किया की 2047 तक विकसित भारत बनाना है और तत्काल दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना है तो हमें तुरंत स्वदेशी को अपनाकर भारतीय उत्पादों को अपनाना होगा। इस संदेश के बहुत से अंतर्निहित शुभ संदेश हैं। वर्तमान कालखंड में एक और जहां भारत पड़ोस से आतंकिस्तान के आतंक से निपट रहा है वहीं दूसरी और विश्व की दो अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका और चीन भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में उभरते देख कोई ना कोई अवरोध खड़ा करते ही रहते है। चीन ने तो हद ही कर रखी है भारत में अरबों रुपयों का निर्यात कर अकूत लाभ कमाकर उस पैसे से पाकिस्तान को आधे दामों में हथियार बेचता है, खुले आम कहता फिरता है की वह हमारे दुश्मन पाकिस्तान के साथ है, भारत को ऑपरेशन सिंदूर नहीं करना चाहिए था, पाकिस्तान को हमें प्रूफ देना चाहिए था की आतंकी हमला पाकिस्तान ने करता है।

चीन को यह नहीं दिखा की सात मई को ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों को पाकिस्तान ने अपने राष्ट्र ध्वज में लिपटा कर विदाई दी, पाक के फौजी अफ़सर और नेता आतंकियों के जनाज़े में शामिल होकर फ़ातिया पढ़ने पहुँचे। ख़तरनाक आतंकी हाफ़िज़ सईद, अज़हर मसूद, दावूद इब्राहिम को अपने पहलू में छिपाकर रखा हुआ है, ओसामा बिन लादेन को एबताबाद में छिपाकर रखा जहाँ अमेरिका ने उसे ढूँढकर 72 हूरों कृपा पहुंचाया। फिर भी चीन पाकिस्तान के आतंकी देश होने के बारे में सुनकर मुँह फेर लेता है। इससे बड़ा दोगलापन क्या हो सकता है।

मैं चीन से कहना चाहता हूँ जब आप आतंकिस्तान पाकिस्तान को आंख मूँद कर समर्थन कर रहे हैं तो आप आतंक का ही समर्थन करते हैं, भारत से मित्रता की नौटंकी करते हैं और भारत के दुश्मन आतंकी पाकिस्तान की हर जगह हर तरह से मदद करते हैं जैसे सुरक्षा परिषद में वीटो का प्रयोग कर आतंकिस्तान और उसके द्वारा संरक्षित आतंकियों को बचाना, कंगाल पाकिस्तान को लगातार पैसे की मदद, सस्ते दाम पर हथियारों की सप्लाई, इत्यादि इत्यादि। चीन बहुत शातिर देश है वह कुछ भी बगैर अपने हित के नहीं करता। पाकिस्तान को मदद के पीछे वह भारत को एक तरफ़ से उलझाए रखना चाहता है और सही वक्त आने पर पाकिस्तान के कुछ हिस्सों को अपने क्षेत्र में मिला लेना चाहता है।

वैसे तो प्रधानमंत्री बहुत समय से आत्म निर्भर भारत और स्वदेशी का आव्हान करते रहे हैं लेकिन कल उन्होंने साफ़ कहा की देश को यदि बचाना है तब अब हम कोई विदेशी चीज़ का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

यदि हम विदेशी चीजों का इस्तेमाल बंद कर दें तो इसके अन्यानेक फायदे हैं। भारत में नए उद्योग लगेंगे, लोगों को रोजगार मिलेगा, किसानों को कच्चे माल का अच्छा पैसा मिलेगा, टैक्सो से सरकार की आमदनी बढ़ेगी, इससे अर्जित पैसे को देश के विकास में लगाया जाएगा, लोगों को घर के पास ही रोजगार मिलेगा, प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी, जीडीपी बढ़ेगी, जीवन स्तर सुधरेगा, शिक्षा बढ़ेगी, स्वास्थ्य में सुधार होगा। यह सभी मानक विकसित राष्ट्र के लिए आवश्यक होते है। प्रधानमंत्री ने एक और बात कही कि अपने घर में सुबह से लेकर शाम तक प्रयोग में आने वाली वस्तुओं पर ध्यान दें और देखें और सोचें इस्मेंस कौन कौन सी चीज भारत में निर्मित हम प्रयोग कर सकते हैं और यह करने से भारत के विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे। मेरा मानना है कि यदि हर भारतीय कम से कम चीन द्वारा निर्मित उत्पादों का सबसे पहले बहिष्कार करता है तो इससे ना केवल हमारे उद्योगों को प्रोत्साहन देगा बल्कि चीन को बहुत बड़ा नुकसान भी होगा। जो भी अपने को भारत माँ का सच्चा सपूत मानता उसे संकल्प लेकर चीनी उत्पादों का बहिष्कार तुरंत करना होगा।

**कुछ चीनी उत्पाद जिनकी ख़रीद हम एकदम बंद करनाली हैं वह हैं**

स्मार्ट फ़ोनः एम आई, रेसिन, ओप्पो, कोको, फ़ोन पर लगने वाला टैंपर्ड ग्लास अलाइन बेसियस, स्मार्ट टीवीःएम आई, रियलम्स, टी सी एल, लैपटॉप वन प्लस, लेनोवो, हेयर हुएव्यू, ए सी हेयर, मोज़ेज हिसेंसे, टीसीएल, फ्रिज हेयर, हाइसेंस, वाशिंग मशीन हेयर, मीडिया, सीसीटीवी ,झालर, होली पिचकारी, बैटरी टॉय, फर्नीचर, हीटिंग पैड, इलेक्ट्रिक मेसेजर, आर्टिफीसियल ज्वेलरी, बैडमिंटन रैकेट, प्लास्टिक कंटेनर, कॉफ़ी मेकर, गणेशजी, मेटल फोल्डिंग चेयर इत्यादि, इत्यादि उपरोक्त और अन्य कोई भी चीनी उत्पाद ख़रीदकर हम दुश्मन की मदद कर रहे हैं। चीनी उत्पाद के बहिष्कार की ख़बर पूरे देश में फैलनी चाहिये।हमे ख़रीदारी करने से पहले दुकानदार से पूछना चाहिए की चीनी तो नहीं है और यदि है तो मत खरीदिए चाहें कोई कठिनाई भी हो तो उसे सह लो। वैसे मैं सरकार से अनुरोध करूँगा की चीनी उत्पादों पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाकर इनकी कीमत दुगनी कर दो, लोगों की पहुँच से बाहर कर दो। दुकानदारों और व्यापारियों को चीनी माल मंगाने पर हतोत्साहित कर दो। भारतीय उद्योगपतियों को सुविधाएं दो जिससे वह सस्ते और अच्छे उत्पाद बनाकर स्वदेशी का सपना साकार कर सके। ऑपरेशन सिंदूर ने तो देश को मतभेद भुलाकर इकट्ठा किया ही है अब स्वदेशी 1995 के स्वदेशी आंदोलन की तरह भारतवासियों में देशभक्ति की भावना जागृत कर एकजुट होने में मदद करेगा।

# सामाजिक व्यवस्था में आई विद्रूपता



**राकेश दुबे**

यह दुखद घटना और ऐसी कोई भी दुर्घटना हर इंसान को उद्वेलित करेगी, लेकिन यह घटनाए तमाम सवालों को जन्म देती है। आखिर इंसान कैसे सोच लेता है कि आत्महत्या कर लेना संकट का अंतिम समाधान है? जब व्यक्ति में जोखिम से उपजे संकट से जूझने का सामर्थ्य नहीं है तो भारी कर्जा उठाना कितना तार्किक है?

हरियाणा के पंचकूला में उत्तराखंड से आए एक परिवार की सामूहिक आत्महत्या ने हर संवेदनशील व्यक्ति को गहरे तक झकझोर कर रख दिया। एक कार में नाकाम बेटे ने मां-बाप,पत्नी, दो किशोर बेटियों व एक बेटे के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पूरे परिवार के खत्म होने के बाद कुछ समय के लिए जीवित बचे व्यक्ति ने चश्मदीद को बताया कि वह कर्ज में डूब गया था, कोई रास्ता नजर न आता देख सामूहिक आत्महत्या का निर्णय लिया। पुलिस के पहुंचने व चिकित्सीय प्रयासों के बावजूद परिवार में किसी व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका। महत्वपूर्ण सवाल यह भी कर्ज से हारे व्यक्ति को ये अधिकार किसने दे दिया कि वो अपने साथ दो पीढ़ियों को सदा के लिये खत्म कर दे? कैसे कोई व्यक्ति अपनी नाकामी की सजा मां-बाप, पत्नी व बच्चों को दे सकता है? यह कल्पना करनी भी भयावह है कि अपना अधिकांश जीवन जी चुके मां-बाप, तीन बच्चों को जन्म देने वाली मां तथा सुखी भविष्य की कल्पना के साथ जीवन की पारी की शुरूआत करने वाले बच्चों ने जहर खाना सहज स्वीकारा होगा।

यदि उन्हें यह जहर बिना बताए भी दिया गया होगा तो भी जहर की पीड़ा ने उन्हें तड़फाया भी होगा। अकसर ऐसे मामलों में पूरे परिवार को मौत की राह में ले जाने वाले आत्मघाती व्यक्ति के मन में यह भय भी होता है कि उसके जाने के बाद उसके परिवार का क्या होगा? कहीं उसके लिये कर्ज की सजा परिवार को तो नहीं मिलेगी?

निस्संदेह, एक परिवार का यूं जहर खाकर आत्महत्या करना हमारी सामाजिक व्यवस्था में आई विद्रूपताओं की ओर इशारा करता है। जिस भी बैंक या व्यक्ति से आत्महत्या करने वाले परिवार के मुखिया ने कर्ज लिया था, निश्चय ही वहां से उसे किसी भी तरह की राहत की उम्मीद नजर नहीं आई होगी। लेकिन सवाल उठता है कि क्या उसे अपने मित्रों व रिश्तेदारों से भी किसी राहत की उम्मीद नहीं थी? कहा जाता है कि पड़ोसी व मित्र ही संकट के समय में मददगार होते हैं। तो क्या माना जाना चाहिए कि आज हमारे रिश्ते महज दिखावे के रह गए हैं? आखिर विवाह समारोह समेत तमाम अवसरों पर जुटने वाली लोगों की भीड़ केवल महज खाने-पीने तक की ही दोस्त होती है? क्या नैतिक दायित्व नहीं बनता कि संकट में फंसे व्यक्ति के नाते रिश्तेदार या मित्र मदद करें? बहरहाल, गत सोमवार को घटी घटना के सभी तथ्य सामने आने में अभी वक्त लगेगा और घटनाक्रम से जुड़ी अन्य जानकारियां भी सामने आएंगी। लेकिन यह एक हकीकत है कि एक कर्ज से हारा हंसता-खेलता परिवार हमेशा-हमेशा के लिये चिरनिद्रा में सो गया है, लेकिन यह दुखांत हमें कई सबक दे गया है। पहला तो यही कि हमें कर्ज उसी सीमा तक लेना चाहिए, जिस सीमा तक हम चुकाने की सामर्थ्य रख सकें। कोई भी जोखिम यदि हम व्यापार में उठाएं तो उसके तमाम नकारात्मक पहलुओं पर जरूरी विचार करें। उसके बुरे से बुरे परिणाम के बारे में आकलन करें। दूसरा सबक यह है कि हमारे सामने संकट कितना भी बड़ा क्यों न हो, हमें हार नहीं माननी चाहिए। यह भी कि खुद व परिवार को मौत के मुंह में धकेलना किसी समस्या का समाधान नहीं है।

आज की पीढ़ी जल्दी मोटा मुनाफा कमाने की होड़ में बड़े कर्ज लेकर दांव तो खेलती है,लेकिन जरूरी नहीं हर जोखिम लाभदायक ही साबित हो। हमें अपनी सामर्थ्य और देशकाल परिस्थितियों का पूरा आकलन करके ही कदम उठाना चाहिए। यह भी हकीकत है कि नई पीढ़ी में वह धैर्य व संयम धीरे-धीरे कम होता जा रहा है, जो हमें संकट से जूझने का सामर्थ्य देता था। कभी संयुक्त परिवार हमें ऐसे संकट से निबटने की ताकत ही नहीं देते थे, बुरे वक्त में मदद भी करते थे। हमें ऐसे तमाम पहलुओं पर विचार जरूर करना चाहिए।

## विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस

# भोजन ग्रहण करना एक शारीरिक क्रिया ही नहीं बल्कि एक मानसिक क्रिया भी है



योग गुरु महेश अग्रवाल

***कब खाना चाहिए - अर्थात भोजन का समय क्या हो?***
***क्या खाना चाहिए अर्थात् उचित भोज्य पदार्थ क्या है ?***
***कितना खाना चाहिए - आहार की मात्रा कितनी होनी चाहिए?***
***कैसे खाना चाहिए - आहार कैसे ग्रहण करना चाहिए?***

आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि 29 मई को हम विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस मनाते हैं। विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम है आपका पाचन स्वास्थ्य पोषण से समृद्ध। इस वर्ष, इस बात पर ध्यान दिया जा रहा है कि समय रहते निदान कैसे किया जा सकता है और इससे बेहतर परिणाम कैसे प्राप्त किए जा सकते हैं। समस्याओं को जल्दी पहचान लेने से उपचार आसान हो जाता है और लंबे समय में चिंता कम होती है। पाचन संबंधी समस्याएं दुनिया भर में सबसे आम चिकित्सा चिंताओं में से हैं। लगभग सभी ने अपने जीवन में कभी न कभी पेट खराब, गैस, मतली, कब्ज या दस्त जैसी पाचन समस्याओं का अनुभव किया होगा।

योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि भोजन ग्रहण करना एक शारीरिक क्रिया ही नहीं बल्कि एक मानसिक क्रिया भी है। क्योकि भोजन के अवयव सिर्फ वहीं नहीं हैं जो हमारे पाचन तंत्र में मुँह से पहुंचायें जाते हैं वरन् भोजन ग्रहण करते समय मनोभाव भी काफी महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं जिसमें शरीर की समस्त इंद्रियों के द्वारा आहार के रूप, रस, गुण, गन्ध इत्यादि का भी रसास्वादन लेते हैं। अतः जैसे-तैसे हड़बड़ी में, उद्वेलना की स्थिति भोजन लेना हमेशा निषेध है क्योंकि संतुलित और पुष्टिकारक भोजन भी अगर शांत मनोभावों से न लिया गया हो तो उसके सारे उपयोगी तत्व विनष्ट हो जाते हैं बिना उपयोग में लाए शरीर से उत्सर्जित कर दिए जाते हैं। देखा गया है अगर शुद्ध-शांत मनोभाव से सीधा-साधा सरल, सादा भोजन भी ग्रहण किया जाए तो शरीर इन्हीं भोजनों से अपने सभी पोषक तत्वों को प्राप्त करने में सक्षम है।

इसलिए भोजन करना एक साधना है। इस साधना को फलवती बनाने के लिए कुछ निर्देश लाभकारी हैं - भोजन करने के पूर्व शौचादि से निवृत्त होकर हाथ-पांव मुंह धोकर शांति पूर्वक सुखासन में थोड़ी देर बैठना चाहिए। और शांत भाव से शांति मंत्रों का उच्चारण करना चाहिए - भोजन एक महत्वपूर्ण घटक हैं जो पिण्ड और ब्रह्माण्ड के बीच साम्यावस्था बनाए रखता है। अतः सही अर्थो में भोजन करना एक महत् साधना है। मौन - पालन वेदों में यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि भोजन करने के समय मनुष्य को बिल्कुल मौन रहना चाहिए। इसके विपरीत आजकल के आधुनिक जमाने में खाने के समय ही व्यापार, नाना प्रकरेण प्रसंग छेड़े जाते हैं जो सर्वथा वर्जित है। भोजन करने के समय




कच्चे पक्के भोजनों को एक साथ नहीं करना चाहिए क्योंकि एक साथ कच्चे-पक्के विविध व्यंजन लेने पर पेट के पाचक रस भ्रमित हो जाते हैं, क्योंकि पेट एक साथ ही सब तरह के पाचक रसों को उत्पन्न करने में तुरंत सक्षम नहीं हो पाता, इसलिए जहां तक संभव हो भोजन सरल एवं बहुमिश्रित व्यंजन रहित हों तो अच्छा है। खाते-खाते लगातार पानी नहीं पीते रहना चाहिए अगर आवश्यकता हो तो भोजन को गीला करने के लिए एकाध घूंट पानी पीना हानिकारक नहीं है। लेकिन खाने के तुरंत बाद बहुत ज्यादा पानी पी लेना हानिकारक है। क्योंकि इससे पाचक रस की तीव्रता कम हो जाती है और कहा जाता है कि ऐसे लोग मोटे भी ज्यादा हो जाते हैं। आयुर्वेद के कुछ खास ग्रन्थों के आधार पर जल ग्रहण करने के खास विधान हैंः भोजन के पहले क्षार मिश्रित जल का सेवन करने से आमाशय रस अधिक निकलता है। भोजन के प्रारंभ में किंचित नींबू के रस, सेंधा नमक और अदरक के सेवन से आमाशयिक रस-स्त्राव अधिक होता है। निर्बल आमाशय वाले रोगी को भोजन के प्रारंभ में शुष्क पदार्थ का सेवन करना चाहिए जिससे उचित मात्रा में आमाशयिक रस का स्त्राव हो। तरल पदार्थ के अधिक सेवन से रसस्त्राव में न्यूनता होती है। जिनकी पाचनशक्ति कमजोर हो उनको भोजन के साथ स्वल्प जल पीना चाहिए। भोजन के एक घंटे के बाद जल पीना उत्तम है। अग्निमांध और अपचन में भोजन के आरंभ में नींबू के रस और नमक के साथ अदरक, भोजन के अन्त में मट्ठा, भोजन के साथ लहसुन, अनारदाना और पोदीना की चटनी एवं भोजन के दो-तीन घंटे के बाद नींबू का रस या सन्तरे का रस आदि लेना चाहिए। भोजनोपरांत 5 से 10 मिनट तक वज्रासन में बैठना चाहिए क्योंकि भोजन के बाद किसी दूसरे आसन का अभ्यास वर्जित है। वज्रासन से वज्र नाड़ी सक्रिय हो जाती है जो अन्त में मणिपुर चक्र को सुचारू करती है जिससे भोजन का पाचन, अवशोषण तथा अनपचे पदार्थ का उत्सर्जन शरीर से सुचारू रूप से हो पाता है। भोजन के पश्चात् किसी प्रकार का शारीरिक श्रम करना मना है। दिन के भोजन के बाद वज्रासन में भी आराम किया जा सकता है। अगर पिंगला नहीं चल रही हो तो बाएं करवट लेटकर पिंगला नाड़ी को चलाने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि इस नाड़ी के चलते ही पाचन क्रिया सक्रिय हो उठती है। रात्रि में भोजन के बाद खुली हवा में 15-20 मिनट तक घुमना नाड़ी शोधन प्राणायाम तथा भ्रामरी लाभदायक होता है।

आहार कैसे लें इस संबंध में चरक संहिताकार (च.वि.) ने दस प्रकार के नियमों का निर्देश हैः आहार को उष्ण / गर्म अवस्था में ग्रहण करें। स्निग्ध आहार का ही सेवन करें। आहार उचित मात्रा में ही सेवन करें। अत्यधिक भोजन न करें। पूर्व भोजन के पचने के उपरान्त ही पुनः भोजन करें। विरूद्धाहार न लें। उपयुक्त स्थान तथा उपयुक्त यन्त्र से ही आहार ग्रहण करें। बहुत तेजी से या अत्याधिक सुस्ती से भोजन न करें। शान्तिपूर्वक, एकाग्रचित्त, बिना वार्तालाप के आहार ग्रहण करें। स्वमूल्यांकन के साथ ही भोजन करें।

अतः हमलोग यहां भोजन के तीन पहलुओं पर विचार करेंगे। क्या खाना चाहिए अर्थात् उचित भोज्य पदार्थ क्या है ? कितना खाना चाहिए आहार की मात्रा कितनी होनी चाहिए? कैसे खाना चाहिए आहार कैसे ग्रहण करना चाहिए? आयुर्वेदीय संहिताओं (च.वि. 1/21) में आहार विधि के आठ नियम बतलाये गये हैं जो मुख्यतः आहार ग्रहण से संबंधित है। ये आठों आपस में एक-दूसरे के सहयोगी है और आहार के पथ्यत्व के नियामक हैं। इनका विचार आवश्यक है। प्रकृति, कारण, संयोग, राशि, देश , काल, उपयोग, संस्था, उपभोक्ता

स्वास्थ्य के लिए सबसे उत्तम एवं प्राथमिकता से जिन भोजनों की चर्चा ऊपर की गई है इसका संदर्भ 5,000 वर्ष पूर्व विभिन्न देशों की सभ्यताओं एवं चिकित्सा प्रणाली में मिलता है। अमृत भोजन मोटापा को कम करता है। जोड़ों के दर्द, बुखार तथा अन्य बीमारियों में भी लाभदायक होता है। अंकुरित भोजन में जो स्टार्च होते हैं वह ग्लूकोज में तथा प्रोटीन एमीनो अम्ल में बदल जाते हैं। विटामिन की सक्रियता अत्यधिक बढ़ जाती है इसलिए जितने भी अंकुरित भोजन है उन्हें श्रेयष्कर माना गया है। आजकल आधुनिक तरीके से की गई खेती- बाड़ी में जिस भयंकर रूप से कीटनाशक दवाओं, रासायनिक खादों का उपयोग किया जा रहा है कि इससे धरती पर पैदा होने वाले अनाज, फल, कन्द, सब्जियां सभी प्रदूषित होते जा रहे हैं। इसीलिए हमलोगों को व्यवसायिक स्तर पर पैदा किए गए इन फल-फूल सब्जी अनाज के प्रति सावधानी बरतनी चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि प्राकृतिक तरीके से उगाई गई वस्तु का ही सेवन करें। पहले जमाने में दूध को विशुद्ध माना जाता था और इसे शाकाहारी भी ग्रहणकर पोषक प्रोटीन के तत्व प्राप्त कर लेता था। लेकिन आज कृत्रिम चारा तथा चारागाह में भी, घास तथा फसलों के ऊपर रसायन के छिड़काव के कारण गाय और पशुओं के दूध भी प्रदूषित हो गए हैं। इसलिए इस दिशा में भी प्रयास होना चाहिए कि पशुओं के चारे तथा चरागाह को रसायनों के उपयोग से वंचित रखा जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो पश्चिमी सभ्यता की तरह हमारे देश में भी कैंसर की बीमारी जन-जन में फैल जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# चित्रकूट में आर्मी चीफ ने ली दीक्षा,बदले में रामभद्राचार्य ने दक्षिणा में मांग लिया पाक



चित्रकूट। चीफ ऑफ आर्मी जनरल उपेंद्र द्विवेदी उनके पास गए थे. उन्होंने रामभद्राचार्य से दीक्षा ली थी. वही दीक्षा मां सीता ने हनुमान जी को भी दी थी. सीता जी से दीक्षा मिलने के बाद ही हनुमान जी ने लंका पर विजय हासिल की थी.

चित्रकूट,भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी मंगलवार को अपनी पत्नी के साथ चित्रकूट पहुंचे। यहां उन्होंने तुलसी पीठ स्थित कांच मंदिर में जगद्गुरु रामभद्राचार्य से मुलाकात की और आध्यात्मिक चर्चा में भाग लिया। चर्चा के दौरान जगद्गुरु ने उन्हें ÷राम मंत्र÷ की दीक्षा दी। उन्होंने कहा कि यह वही मंत्र है जो माता सीता ने हनुमान जी को दिया था, जिसकी शक्ति से उन्होंने लंका पर विजय पाई थी। इस मौके पर रामभद्राचार्य ने मुस्कराते हुए मज़ाकिया लहज़े में कहा, ÷मैंने जनरल साहब से दक्षिणा में पीओके मांगा है।÷ यह सुनकर वहां मौजूद लोग हँस पड़े। इस मुलाकात के बाद सेना प्रमुख ने सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय का दौरा किया और वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्हें पद्मश्री डॉ. बीके जैन द्वारा सम्मानित भी किया गया। जनरल द्विवेदी का यह चित्रकूट दौरा सोशल मीडिया पर भी चर्चा में है, खासकर जगद्गुरु के बयान को लेकर।

# ऊर्जा मंत्री ने सहायक यंत्री और उप यंत्री को निलंबित करने के दिए निर्देश

**ग्वालियर।** देर रात बिजली कटौती की शिकायत पता चली तो ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उसी समय विद्युत उपकेन्द्र, ट्रांसफार्मर एवं उस क्षेत्र के निरीक्षण के लिये निकल पड़े। निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आने पर उन्होंने एक सहायक यंत्री और एक उपयंत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को दिए।

मंगलवार देर रात्रि ऊर्जा मंत्री तोमर को क्षेत्रीय वाशिंदों द्वारा बताया गया कि ग्वालियर के कुछ क्षेत्रों में बार-बार बिजली फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है, इससे गर्मी के मौसम में आम लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। श्री तोमर देर बिना समय गवाए औचक निरीक्षण करने निकल पड़े। इस दौरान उन्हें पाताली हनुमान क्षेत्र व तानसेन नगर ज़ोन में विद्युत आपूर्ति बाधित मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई और सुचारू विद्युत आपूर्ति के प्रति लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री तोमर को क्षेत्रीय नागरिकों ने निरीक्षण के दौरान बताया कि पिछले करीब चार घंटे से इस इलाके की बिजली गुल है। उन्होंने इस



शिकायत को गंभीरता से लिया और सहायक यंत्री श्री रोहित सिंह तथा उपयंत्री श्री प्रताप चतुर्वेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश मौके पर मौजूद मुख्य अभियंता अमित श्रीवास्तव तथा अधीक्षण अभियंता नितिन मांगलिक को दिए।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार की रात फूलबाग, ट्रांसपोर्ट नगर, मोतीझील जोन व सिकन्दर कम्पू क्षेत्र का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के सिकंदर कंपू क्षेत्र में ट्रिपिंग रजिस्टर देखा और अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के लिये दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री तोमर ने कॉल सेंटर में आई उपभोक्ताओं की शिकायतों की स्थिति की जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं से मोबाइल फोन से बात की और बिजली संबंधी शिकायत का समाधान करने के लिए उन्हें आश्वास्त भी किया।

# निजी हित छोड़ समाज हित के लिए करें कलम का उपयोगः प्रदेश अध्यक्ष



**शहडोल।** पत्रकारिता के गिरते स्तर का एक प्रमुख कारण आज पत्रकार द्वारा समाज हित के लिये खबरों को लिखना छोड़ कर निजी हित मे निहित होकर खबरो का चयन करना है, इससे समाज पत्रकार और पत्रकारिता दोनों से दूर हो रहा है, हमें चाहिए हम किसी निजी हित से परे होकर समाज और देश हित मे पत्रकारिता करें। ये सभी उद्गार शहडोल मे सयुंक्त श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के सम्मेलन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने व्यक्त किये।

संयुक्त श्रमजीवी पत्रकार महासंघ शहडोल इकाई द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन शहर के सिटी स्टार होटल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रदेश अध्यक्ष अजय तिवारी का जिला इकाई द्वारा श्रीफल, पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारिता के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहाँ हम समाज को आइना दिखाने का कार्य करते है इसलिए हमें देश का चौथा स्तंभ भी कहाँ जाता है लेकिन वर्तमान मे चल रही पत्रकारिता आधुनिक होने के साथ-साथ एक पक्षीय भी हो गयी है जिससे खबरों का सही चयन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहाँ हमें अपनी कलम को समाज और देश हित मे चलाना है तभी जाकर पत्रकार और पत्रकारिता पर से लोगो की बनी दूरी को समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम मे पत्रकार संघ से विशिष्ट अतिथि के रूप मे पधारे प्रकाश सिंह परिहार ने शहडोल इकाई के पदाधिकारीयों को उनके नये कार्ड वितरित किये। कार्यक्रम मे पत्रकार संघ की शहडोल इकाई से कैलाश लालवानी, सुभाष मिश्रा, प्रदीप पांडे,रजनीश शर्मा,राजा चौधरी, रावेन्द्र मिश्रा, सुनील मिश्रा, राकेश लखेरा, शैलेन्द्र द्विवेदी, विश्व भूषण पाण्डेय, नरेश वर्मा,अमित दुबे सहित तमाम पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# मंडी रोड पर जाम से सभी हुए बेहाल

**सिरोंज।** बुधवार को मंडी बाईपास रोड पर जाम के कारण आम से लेकर खास को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।1 घंटे तक इस मार्ग से वाहन चलाने की जगह पर रेंग रहे थे। बड़ी मुश्किल से वाहन चालक अपने वाहनों को यह से निकल पाए जाम के कारण सड़क पर इनकी लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई थी मार्ग पर दोनों तरफ लापरवाही से वाहन खड़े होने की वजह से जाम लगा उसको हटाने का काम यातायात पुलिस नहीं कर पाई इस वजह से ऐसे हालात आए दिन यहां पर निर्मित होते हैं सभी को मैं परेशानी होती है। ऐसी ही हालत लिंक रोड पर देखने को मिले यहां भी जाम से सभी परेशान हो रहे थे। इस समस्या से छुटकारा दिलाने वाली पुलिस और यातायात पुलिस प्रशासन का कोई आता पता नहीं था इस कारण से समस्या बढ़ गई।

# 1 जून से 30 जून तक चलेगा एफआरए जागरूकता अभियान

**शहडोल।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति, सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी समस्त उप खण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति को निर्देष दिए है कि अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 1 जून से 30 जून 2025 तक जिले में एफआरए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। एफआरए जागरूकता अभियान के तहत वन अधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकारों के बारे में हितधारकों को शिक्षित करना, वन अधिकार अधिनियम क्रियान्वयन प्रक्रिया में ग्राम सभाओं की भूमिका पर प्रकाश डालना,दावे दाखिल करने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन सामुदायिक वन प्रबंधन योजना का विकास तथा अभिसरण के माध्यम से वनों की पहचान में सहायता करना, एफआरए पटटो का वितरण, केवीके और राज्य कृषि विभाग के माध्यम से टीआरए पट्टा धारकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड और बीज, छोटे उपकरणों के बारे में जागरूकता और विवरण, राज्य कृषि विभाग के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि के लाभ के लिए एफआरए पट्टा धारकों का पंजीकरण आदि के कार्य किए जाएंगे।

# नारी सशक्तीकरण हेतु स्वास्थ्य सखी सत्र का आयोजन

**छतरपुर।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 मई 2025 को विशेष आरोग्यम नारी सत्र का आयोजन मध्य प्रदेश शासन लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती पूर्ण उत्साह और गरिमा के साथ मना रहा है। इस उपलक्ष्य में लोकमाता देवी अहिल्याबाई के राष्ट्र समर्पित जीवन को प्रदेश के जनमानस तक पहुंचाने एवं उनके आदर्शों व लोक कल्याण के पथ को ध्यान में रखते हुए विशेष आरोग्यम नारी सत्र का आयोजन किया जा रहा है।

सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता ने बताया कि छतरपुर जिले में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले एवं विकासखंड स्तर पर जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष महिला स्वास्थ्य सेवाओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन तथा प्रबंधन पोषण परामर्श गैर संचारी बीमारियां जैसे सर्वाइकल तथा स्तन कैंसर नॉन एल्कोहोलिक फैटी लीवर की स्क्रीनिंग की जाएगी।

29 मई को अतिरिक्त पीएमएसएमए में दिवस का आयोजन जिला एवं विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य संस्थाओं में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं को स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सीय जांच की जाएगी तथा पूर्व में चिन्हित उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का विशेषज्ञ द्वारा उपचार एवं प्रबंधन किया जाएगा। समस्त गर्भवती महिलाओं का शारीरिक परीक्षण जैसे ब्लड प्रेशर की हाइट बीएमआई आदि चेकअप किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में गर्भवती माता के अन्य जांच एचआईवी, सिफलिस, शुगर, एचपीयू, यूरिन, अल्ट्रासाउंड एलसीडी स्क्रीनिंग, हाइपरटेंशन, डायबिटिक ब्रेस्ट कैंसर आदि का चेकअप भी होगा। नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिसीज स्क्रीनिंग के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रेफर किए गए संभावित रोगियों की जांच एवं प्रशिक्षण एवं उनकी बॉडी मास्क इंडेक्स फिक्स 4 स्कोर की गणना चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जाएगी।

# आंधी का तांडव, ताश के पत्तों की तरह उड़ें टीन व बैनर पोस्टर, गिरे पेड़, बाल बाल बचे मोटरसाइकिल सवार

**सिरोंज।** बुधवार को तेज हवा के साथ झमाझम बारिश होने से शहर में पानी हीं पानी दिखाई दे रहा था आंधी का प्रकोप भी देखने को मिला जिसके कई पेड़ गिरे इनकी चपेट में आने से दो साइकिल चलाको ने भाग कर अपनी जान बचाई नहीं तो बड़ी जनहानि भी हो सकती थी पुरानी बस स्टैंड खडी मोटरसाइकिलें पर पेड़ों की टहनियां गिरने से क्षतिग्रस्तहो गई हवा इतनी अधिक थी कि आदमी भी उसके सामने खड़े नहीं हो पा रहे थे। बस स्टैंड पर पालीवाल गार्डन के तीन सेट हवा कागजों की तरह उड़ते हुए नजर आ रहे थे। गनीमत रही की कोई इनकी चपेट में नहीं आया नहीं तो बड़ा नुकसान भी हो सकता कुछ सेट का हिस्सा तो पेड़ों के ऊपर जाकर रुका गया कुछ गार्डन के आसपास के घरों पर गिरी यहां पर



मौजूद लोगों की मुश्किलें बढ़ गई थी काफी नुकसान हो गया आयोजन भी इसकी वजह से प्रभावित हुआ। इसी तरह नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर में जगह-जगह प्याऊ के लिए बनाए गए सेट भी इस आंधी में उड़ते हुए नजर आए दूसरी ओर बैनर पोस्टर भी हवा के कहर से नहीं बच पाए यह भी कागज की भांति हवा में दिखाई दे रहे थे। बासौदा रोड पर बारिश साथ तेज गति से हवा चलने से पेड़ गिरने से मोटरसाइकिल चालकों ने बड़ी मुश्किल से अपनी गाड़ी छोड़कर भाग कर जान बच पाई इसी तरह पुराने बस स्टैंड पर पेड़ों की डालियां टूट कर खड़े वाहनों पर गिरने सें इनमें टूट फूट हो गई यहां पर मौजूद ने लोगों भाग कर अपनी जान बचाई। अन्य स्थानों पर भी नुकसान हो गया।

### मंडी में भर आया पानी

इस महीने बारिश लगातार हो रही है कुछ दिनों से तो प्रत्येक दिन पानी बरस रहा है ।बुधवार भी 1 घंटे तक तेज बारिश होने से मंडी में पानी भरने से कई व्यापारी और किसानों की फसल भी खराब हो गई क्योंकि यहां पर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से यह स्थिति निर्मित हुई अभी जब थोड़ी सी बरसात में इतने बुरे हालात हैं जब बारिश का दौर प्रारंभ होगा उस समय क्या स्थिति बनेगी इसका अंदाजा भी अभी से लगाया जा सकता है। मंडी प्रशासन को ना तो किसान की चिंता और ना ही व्यापारियों की 3 घंटे ग़ायब रहीं बिजली गिरे कई पोल

### हवा बारिश से बिजली सप्लाई भी पूरी तरह से चरमरा गई

कई जगह लाइनों में फाइट होने के साथ पेड़ की डालियां और जगहों पर बिजली के खंबे गिरने से 3 से लेकर 5 घंटे से ऊपर बिजली बंद रही इस कारण सभी को परेशानी जूझना पड़ा हुई शहर के कुछ क्षेत्रों में 6 से 8 घटे भी बिजली नहीं आने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा क्योंकि कई मोहल्लों लाइन टूट कर गिर गई इनको को ठीक करने में भी कई घंटे लग गए इसी तरह ग्रामीण अंचलों मे भी परेशानी हुई।

# बैतूल और सारणी नपा के दैनिक वेतन भोगियों ने मुख्यमंत्री से की नियमितीकरण की मांग, दिया ज्ञापन

**सांध्य प्रकाश बैतूल।** नगर पालिका परिषद बैतूल में पिछले 17 से 18 वर्षों से सेवा दे रहे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने अपने नियमितीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 से लेकर 2016 तक कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों के नियमिती करण को लेकर आज तक कोई ठोस प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है। कि जिला परियोजना अधिकारी, शहरी विकास अभिकरण बैतूल द्वारा 21 नवंबर 2024 को पत्र क्रमांक 2024/स्था./871 के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय से मार्गदर्शन मांगा गया था। लेकिन अब तक वहां से कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है। कि नगर पालिका परिषद बैतूल को स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। जिससे वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ हो सके। ज्ञापन के दौरान नपा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमित सक्सेना के साथ सुशील रागड़े, प्रमोद कुमार ठेकले, दीपक यादव, मधु चौकीकर,फहीम शाह, पिंटू बोडखे, रामशंकर गाड़गे,धीरज पवार, पवन कहार, रितेश वंशकार हरिप्रसाद यादव, हंसराज पवार, कृष्णा यादव और शैलेंद्र साहू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमित सक्सेना के साथ सुशील रागड़े, प्रमोद कुमार ठेकले, दीपक यादव, मधु चौकीकर, फहीम शाह, पिंटू बोडखे, रामशंकर गाड़गे, धीरज पवार, पवन कहार, रितेश वंशकार, हरिप्रसाद यादव, हंसराज पवार, कृष्णा यादव और शैलेंद्र साहू शामिल रहे।

# मंडला पुलिस ने मुस्कान अभियान अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्र में नाबालिगों को परिजनों को सौंपा

**मण्डला।** पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे अपहृत गुम बालिका/बालक दस्तयाबी विशेष अभियान÷ के अंतर्गत मंडला जिला पुलिस ने आदेश का पालन करते हुए केवल 03 दिवस में विभिन्न थानों-थाना घुघरी,थाना महाराजपुर व चौकी हिरदेनगर द्वारा कुल 05 नाबालिग अपहृता बालिकाओं को अलग-अलग राज्यों से दस्तयाब कर सुरक्षित रूप से उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

थाना घुघरी में दो अलग-अलग मामलो में प्रार्थिया द्वारा उसकी नाबालिग नातिन व लड़की के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।इन पर अपराध क्रमांक धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना महाराजपुर के एक व पुलिस चौकी हिरदेनगर, थाना महाराजपुर में दो अन्य बालिकाओं के लापता होने संबंधी प्रकरण दर्ज किए गए। विवेचना के दौरान एसपी के निर्देशन मे थाना स्तर व सायबर सेल मंडला की टीम गठित की गई।टीम द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना घुघरी की टीम को केरल एवं तमिलनाडु (कोयम्बटूर) रवाना किया गया, जहाँ स्थानीय पुलिस से समन्वय कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 27/05/2025 को दो बालिकाओं को दस्तयाब किया गया।थाना महाराजपुर की टीम को महाराष्ट्र (काटोल,नागपुर) भेजा गया,जहाँ प्राप्त सूचना के आधार पर 01 बालिका को दस्तयाब किया गया। चौकी हिरदेनगर पुलिस को नाबालिग लड़कियों के गुम होने की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल गंभीरता से संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की गई।पुलिस टीम द्वारा सतर्कता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए महज कुछ घंटों के भीतर दोनों नाबालिगों को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस प्रकार 03 दिवस की अवधि में जिला मंडला के थाना घुघरी एवं थाना महाराजपुर की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से कुल 05 नाबालिग अपहृता बालिकाओं को दस्तयाब किया गया। इस कार्य में थाना घुघरी निरीक्षक पूजा सिंह बघेल, सउनि शिवप्रसाद वनवासी,थाना महाराजपुर प्रभारी ममता परस्ते,सउनि शिवशंकर राजपूत,सउनि दुर्गाप्रसाद बिसेन उनकी टीम तथा सायबर सेल से आर रूपेन्द्र लिल्हारे एवं हेमंत मरावी की भूमिका रही।

# 31 मई को विश्व तम्बाखू निषेध दिवस के आयोजन संबंधी कलेक्टर ने दिए निर्देश

शहडोल। विश्व तम्बाखू निषेध दिवस का आयोजन किये जाने के संबंध में आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार मद्यपान तथा मादक पदार्थों, नशीली दवाईयां, शराब एवं विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज, युवाओं, को अवगत कराने, नशामुक्त के लिये जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन विभाग अन्तर्गत किया जाता है। इसी क्रम में 31 मई 2025 विश्व तम्बाखू निषेध दिवस का आयोजन किया जाना है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज, युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं जनसामान्य में तम्बाकू सेवन, धूम्रपान सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिये तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट के दुष्परिणामों से अवगत कराना है, ताकि युवाओं, बच्चों एवं जनसामान्य को तम्बाकू से बने उत्पादों के सेवन से होने वाली गम्भीर बीमारियों जैसे कैंसर, टी.व्ही., हृदयाघात आदि से बचाव करने के लिये जनजागृति लाना है।

शहडोल जिले में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने 31 मई 2025 विश्व तम्बाखू निषेध दिवस के आयोजन पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि जिले के स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत संचालित तम्बाकू नियंत्रण केन्द्र द्वारा तम्बाकू उत्पादों के सेवन से होने वाली गम्भीर बीमारियों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई जाये। ग्रीष्म कालीन अवकाश में स्कूल के विद्यार्थियों के लिये आयोजित होने वाले विशेष समर कैम्पों में प्रतियोगिताएं-चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण, रंगोली आदि का आयोजन किया जाये। मैराथन, प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत के कार्यक्रम तथा तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों पर आधारित वॉल पेंटिंग, विद्यालय, महाविद्यालयों के 100 मीटर दायरे की पान, गुटका दुकानों से विक्रय पद प्रतिबंधित किया जाए। शासकीय, सार्वजनिक स्थलों के आस-पास बैनर द्वारा नशामुक्ति के संदेश का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाईन नम्बर 14446 का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। आपने कहा कि जिलो में आयोजित की जाने वाली नशामुक्ति जनजागृति कार्यक्रमो, गतिविधियों की प्रविष्टियां भारत सरकार द्वारा विकसित एनएमबीए मोबाईल एव/वेबलिंक पर अनिवार्यतः अपलोड कराई जाये। साथ ही अपलोड कराई गई प्रविष्टियों की जानकारी को पत्र के माध्यम से संचालनालय सामाजिक न्याय मध्यप्रदेश भोपाल भेजने के निर्देश दिये है।

# महिला से की छेड़छाड़ गिरफ्तार

**शहडोल।** सिंहपुर पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला बीते 4 मई की रात घर के आंगन में सो रही थी। इस दौरान आरोपी लल्लू यादव आया और गलत नियत से उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने हल्ला गुहार किया तो आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना शिकायत पीड़िता ने अपने पति के साथ थाने में दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

# कुएं में गिरा अधेड़, मौत

**शहडोल।** पपौंध थाना क्षेत्र के खारी छोट गांव में कुएं में गिरने से एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस जानकारी अनुसार बृजमोहन सिंह गोंड़ 55 वर्ष बीती रात ब्यौहारी के सौता से बारात में आया था, जनमास के पीछे स्थितं कुएं में वह अंधेरे में गिर गया। जिसकी जानकारी तब लगी जब वह शादी में नहीं दिखा। बारातियों ने काफी तलाश करते हुए जब कुएं में देखा तो उसका शव उतरा रहा था।जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का बाहर निकालते हुए विवेचना शुरू कर दी है।

# विधायक पटवा ने औबेदुल्लागंज में की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

## आमजन की शिकायतों, समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के दिए निर्देश

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** बुधवार को जनपद पंचायत ओबैदुल्लागंज के सभाकक्ष में भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा द्वारा अनुभाग ओबेदुल्लागंज अन्तर्गत आने वाले समस्त विभागों के विभाग प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की गई जिसमें प्रत्येक विभाग के द्वारा बारी-बारी से विभाग के अंतर्गत संचालित विकास कार्यो व शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई, जिसपर विधायक पटवा ने आवश्यक निर्देश दिये। प्रमुख रूप से राजस्व, पीडब्ल्यूडी, पीआईयू,आबकारी,एमपीईबी, स्वास्थ्य विभाग, नगरपालिका, ग्रामीण विकास,महिला बाल विकास,पीएचई, पुलिस विभाग आदि की समीक्षा की गई।

विधायक पटवा द्वारा सभी को निर्देशित किया कि समस्त विभाग ये सुनिश्चित करे कि आमजनो की शिकायतों तथा समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण हो।जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि 10 पंचायतों को आदर्श बनाने हेतु बैठक करे,सभी पंचायतों में स्ट्रीटलाइट सीसीटीवी कैमरा आदि सुविधाएं सुनिश्चित करे।विधायक निधि से संपन्न कार्यो की सूची उपलब्ध करवाये, लंबे समय से एक ही ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिवों के स्थानांतरण हों। 15वे वित्त के कार्यो की समीक्षा करे।

लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि उनके विगत वर्षो के लंबित कार्यो को तेज़ी से पूरा करे।स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि उनके पूर्ण संजीवनी क्लिनिक का हैंड ओवर संबंधित विभाग से प्राप्त करे, इसके साथ ही नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र के स्थान चिन्हित कर निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाये।एमपीआरडीसी को निर्देशित किया कि जहां भी सड़के ख़राब हो उसकी तुरंत मरम्मत की जाये तथा हाईवे पर स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम लगाये।

सीएमओ नगरपालिका को निर्देशित किया कि नगर के



सौंदर्यीकरण करे, हाईवे के दोनों तरफ़ वृक्षारोपण करे। विशनखेड़ा टोल के पास स्थित होटलो की वजह से हाईवे के किनारे अधिक मात्रा में कचरा पन्नी आदि होता है उसकी सफाई हेतु निर्देशित किया। पुलिस विभाग से चर्चा कर जुआ,सट्टा, तथा अवैद्य शराब बिक्री पर तत्काल कार्यवाही हो जिससे अवैध शराब बिक्री पर रोक लग सके। सड़क दुर्घटनाएं कम हो ।

पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली अधूरी नल-जल योजनाये जल्दी पूर्ण हो,तथा झिरी बेहड़ा की समस्या का तत्काल निराकरण करे। एनएच-45 के डिवाइडर पर स्थित मिसरोद से ओबैदुल्लागंज तथा ओबेदुल्लागंज से तमोट,विनेका,धामधूसर पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए ।

वन विभाग को निर्देशित किया कि अन्य निर्माण विभाग द्वारा चाही गई प्रक्रिया जल्दी पूर्ण की जाए जिसके लिए संबंधित विभाग को चेकलिस्ट प्रदान करे। साथ ही सुल्तानपुर क्षेत्र अंतर्गत उड़दमऊ,गोरिया इमलिया, सालेगढ़ आदि में वन भूमि के अतिक्रमण हटवाए। विद्युत विभाग से उपस्थित सोनकर को निर्देशित किया कि आमजन तथा जनप्रतिनिधि के कॉल इग्नोर न करे। सुल्तानपुर की विद्युत की समस्याओं को विस्तार से सुना एवम् तत्काल सुधार हेतु ईई श्री सोनकर को निर्देशित किया तथा समस्त समस्याओं को सी.ई. लेवल तक अवगत कराने के निर्देश दिये।एसडीओ पी डबल्यू डी को उनकी समस्त निर्माणाधीन सड़क मार्गो को पूर्ण करने के निदेश दिए।अतिक्रमण पर सख़्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों की प्रशंसा भी की गई, तथा सभी को जनकेंद्रित होकर कार्य करने हेतु कहा गया। आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि अवैद्य शराब बिक्री पर कार्यवाही करे। इसके साथ ही हाल ही में ओबैदुल्लागंज में वृहद स्तर पर हटाए गए अतिक्रमण की माननीय द्वारा एसडीएम समेत समस्त अधिकारियों कर्मचारियों की सराहना की।समस्त विभाग की मासिक समीक्षा करने के निर्देश दिए,तथा कमियों को पूरा कर गुणवत्ता के साथ कार्य करने हेतु कहा गया। बैठक में तीनों नगरपालिका के अध्यक्ष तथा जनपद अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

# संगम सेवालय का वर्ल्ड मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे पर सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम संपन्न

**छतरपुर।** वर्ल्ड मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे के अवसर पर संगम सेवालय द्वारा ग्राम नटपुरवा में महिलाओं और किशोरियों के बीच माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में यूनीचार्म कंपनी के सहयोग से प्राप्त सैनिटरी पैड्स का निशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर संगम सेवालय की संचालिका श्रीमती अंजू अवस्थी ने कहा÷ माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है, लेकिन आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी की कमी और संसाधनों के अभाव के कारण महिलाएं इस विषय में खुलकर बात नहीं कर पातीं। हम संगम सेवालय के माध्यम से इस चुप्पी को तोड़ना चाहते हैं और हर महिला को सुरक्षित और स्वस्थ जीवन देने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। हम यूनीचार्म कंपनी के आभारी हैं, जिनके सहयोग से हम यह प्रयास और अधिक प्रभावी ढंग से कर पाए हैं।÷ कार्यक्रम में संगम सेवालय की सदस्य सुनीता पथोरिया ने माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को तोड़ने, स्वच्छता बनाए रखने के उपायों, तथा नियमित रूप से सैनिटरी पैड्स के उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। महिलाओं व किशोरियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

## फ्लैगशिप किलर रियलमी जीटी 7 सीरीज़ का भारत में हुआ लॉन्च

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज भारत में अपनी रियलमी जीटी 7 सीरीज़ पेश की। यह लॉन्च पेरिस में इसके ग्लोबल लॉन्च के साथ किया गया है। इस सीरीज़ का मुख्य आकर्षण रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन है, जो एस्टन मार्टिन फॉर्मुला वन टीम के साथ मिलकर बनाया गया है। यहएएमएफ1 के साथ को-ब्रांडिंग वाला पहला आधिकारिक स्मार्टफोन है। रियलमी जीटी 7 सीरीज़ में अनेक अत्याधुनिक फीचर्स और परफॉर्मेंस अपग्रेड दिए गए हैं। यह भारतीय यूज़र्स के लिए फ्लैगशिप स्मार्टफोन के अनुभव को परिभाषित करने की ओर रियलमी का अब तक का सबसे साहसी कदम है।इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''रियलमी जीटी 7 सीरीज़ के साथ हम 2025 में फ्लैगशिप किलर की परिभाषा को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। यह केवल सर्वोच्च विशेषताओं के बारे में नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के बारे में है, जिसमें आज के युवाओं की पसंद के अनुरूप जबरदस्त पॉवर, इंटैलिजेंस और क्राफ्ट्समैनशिप हो। एस्टन मार्टिन फॉर्मूला वन टीम के साथ मिलकर बनाए गए हमारे ड्रीम एडिशन से लेकर एआई प्लानर और आईस सेंस ग्रेफीन कूलिंग जैसे इनोवेशंस तक हमने हर पहलू में अपनी सीमाओं को बढ़ाया है।

## श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने लॉन्च किए 2 नए स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स

**खरगौन ।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक प्रभाग श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने अपने नए स्पेशलटी प्लांट न्युट्रिशन प्रोडक्ट्स का लॉन्च किया, साथ ही हाल ही में लॉन्च किए गए श्रीराम क्रॉप प्रोटेक्शन एवं सीड प्रोडक्ट्स के साथ किसानों को मिली सफलता पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम का आयोजन होटल द पार्क, इंदौर, मध्य प्रदेश में किया गया था, जहां क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स इन आधुनिक समाधानों के उद्घाटन के अवसर पर इकट्ठा हुए। इतना ही नहीं, 125 से अधिक डिस्ट्रब्यूटर्स एवं व्यूअर्स ने भव्य पुरस्कार समारोह में हिस्सा लिया, जहां विभिन्न बिज़नेस वर्टिकल्स से बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले डिस्ट्रिब्यूटर्स को सम्मानित किया गया।भारतीय किसानों की ज़रूरतों और स्थायी कृषि के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी दो आधुनिक लिक्विड फर्टीलाइज़र लेकर आई है- 'श्रीराम पिकासोल' और 'श्रीराम मैगनिका'। ये दोनों प्रोडक्ट एक पेटेंटेड टेक्नोलॉजी के ज़रिए बायोएक्टिव टाइटेनियम (भारत में पहली बार) के साथ विकसित किए गए हैं। टाइटेनियम पौधे को पर्यावरणी तनाव झेलने की ताकत देता है, यह पोषक तत्वों (न्यूट्रिएन्ट) के उपयोग को अधिक प्रभावी बनाकर किसानों को बेहतर रिटर्न देता है। 'श्रीराम पिकासोल' फल के रंग को गहरा और एक समान बनाने में मदद करता है, वहीं 'श्रीराम मैगनिका' फल के आकार को एक समान बनाकर इसकी शेल्फ लाईफ बढ़ाता है।

## अब ईवी चलाना और भी आसान - टेरा मोटर्स लाया क्योरो + बिना डाउन पेमेंट के

**मुंबई, एजेंसी।** जापानी ओईएम कंपनी टेरा मोटर्स ने शहरी परिवहन की बढ़ती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए भारत में अपना नया इलेक्ट्रिक ऑटो क्योरो + लॉन्च किया है। द ललित, नई दिल्ली में आयोजित लॉन्च कार्यक्रम में उद्योग जगत के अग्रणी लोग और नीति निर्माता शामिल हुए, जिनमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला भी उपस्थित थे। यह ई-मोबिलिटी को लेकर देश में बढ़ती गति और रुचि को दर्शाता है। टेरा मोटर्स अब तक भारत में एक लाख से अधिक इलेक्ट्रिक रिक्शा बेच चुकी है, और इस नए मॉडल के साथ कंपनी का लक्ष्य इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बाज़ार का 5-8त्न हिस्सा प्राप्त करना है। कंपनी देशभर में 100 डीलरशिप खोलने और 2025 के अंत तक मासिक उत्पादन क्षमता को 5,000 यूनिट तक बढ़ाने की योजना बना रही है। क्योरो + को अधिक सुलभ बनाने के लिए, कंपनी ज़ीरो डाउन पेमेंट और पहले तीन सर्विस मुफ्त में दे रही है।

## कैंटाबिल ने नर्मदापुरम में अपने नए . फैमिली वियर स्टोर का उद्घाटन किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माता और खुदरा विक्रेताओं में से एकए कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने होशंगाबाद में अपना नया खुदरा स्टोर खोलने की घोषणा की है। 2542 वर्गफीट क्षेत्र में फैला यह ब्रांड स्टोर मीनाक्षी चौक नर्मदापुरम ;मध्य प्रदेशद्ध में एसबीआई बैंक के सामने स्थित हैए जो कैंटाबिल की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पुरुषोंए महिलाओं और बच्चों के कपड़ों के साथ.साथ एक्सेसरीज के लिए फॉर्मल.वियरए कैजुअल और पार्टी.वियर कपड़ों का व्यापक चयन प्रदान करने के लिए समर्पित कैंटाबिल ने खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित किया है। कैंटाबिल ने देश भर में 600 स्टोर खोलकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की हैए जिससे फैशन उद्योग में एक अग्रणी कम्पनी के रूप में उसकी स्थिति मजबूत हुई है। इस रोमांचक लॉन्च पर टिप्पणी करते हुएए कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक श्री दीपक बंसल ने उत्साहपूर्वक कहा. हम होशंगाबाद में अपना नया फैमिली वियर स्टोर शुरू करते हुए बेहद रोमांचित हैं। कैंटाबिल ने मिड.प्रीमियम सेगमेंट में अपने ग्राहकों से अपार प्रशंसा प्राप्त की है। हमारा नया स्टोर पुरुषोंए महिलाओं और बच्चों के लिए फैशन.फॉरवर्ड परिधानों का ट्रेंडी संग्रह प्रदर्शित करेगा। भारत भर में एक मजबूत उपस्थिति के साथए हम आने वाले वर्षों में अपने रिटेल बिजनेस का और विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## यूवा ने पेश की दो नई स्टाइलिश पेंसिलें - रिट्ज़ और ड्रीमी

**भोपाल।** नवनीत एज्युकेशन के स्टेशनरी ब्रांड यूवा ने अपनी नई रंगीन पेंसिल रेंज - यूवा रिट्ज़ और यूवा ड्रीमी लॉन्च की है। पर्सनैलिटी, काम की उपयोगिता के अनुसार आसान डिज़ाइन और किफायती कीमत - इन तीनों को मिलाकर तैयार की गई यह सीरीज़ छात्रों, क्रिएटर्स और स्टाइल के साथ लिखने वालों के लिए एक नया पसंदीदा विकल्प बनने जा रही है। रोज़मर्रा के लेखन और ड्रॉइंग के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन की गई रिट्ज़ और ड्रीमी पेंसिलें अल्ट्रा-डार्क 2क्वलीड के साथ आती हैं, जो स्मूद और बोल्ड स्ट्रोक्स देती हैं। हर पैक में एक फ्री शार्पनर और इरेज़र शामिल है, जिससे यह एक कम्प्लीट स्टेशनरी सेट बन जाता है। प्रीमियम मेटैलिक फिनिश वाली पैकेजिंग और आरामदायक हेक्सागोनल ग्रिप के साथ ये पेंसिलें देखने में जितनी आकर्षक हैं, हाथ में पकड़ने पर उतनी ही शानदार लगती हैं— उपयोगिता और स्टाइल का यह परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।

## मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने अपने ऑर्थोपेडिक नेतृत्व को मजबूत किया

**अहमदाबाद , एजेंसी।** मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स की फ्लैगशिप यूनिट मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल, अहमदाबाद में दुनिया के सबसे अनुभवी एवं प्रसिद्ध नी रिप्लेसमेन्ट सर्जनों में से एक डॉ. के. सी. मेहता का अपनी प्रतिष्ठित मेडिकल टीम में स्वागत करते हुए हमें गर्व हो रहा है। यह रणनीतिक कदम ऑर्थोपेडिक उत्कृष्टता में एक नए युग का प्रतीक है, जो मरीज को सर्वोपरि, वैश्विक रूप से बेंचमार्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स के दृष्टिकोण के साथ अभूतपूर्व इनोवेशन को जोड़ता है। डॉ. मेहता को अपने द्वारा घुटने के जोड़ को डिजाइन करने और यू.एस.ए., यू.के., ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, चीन, भारत, इंडोनेशिया और मलेशिया सहित कई देशों में दस ग्लोबल पेटेंट हासिल करने के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित किया गया है। जॉइंट रिप्लेसमेन्ट इंडस्ट्री में एक प्रमुख मल्टीनेशनल कंपनी द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार, डॉ. मेहता को क्रूसिएट-रिटेनिंग हाई-फ्लेक्स जॉइंट रिप्लेसमेन्ट सर्जरी में अग्रणी वैश्विक विशेषज्ञों में से एक माना जाता है - एक ऐसी तकनीक जो अधिक मोबिलिटी और तेजी से रिकवरी को सक्षम करने के लिए प्रसिद्ध है।

# मप्र की आर्थिक राजधानी इंदौर में शुरू होने जा रही मेट्रो में 1 हफ्ते फ्री सफर




**इंदौर।** मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में मेट्रो शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को इसका वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। मेट्रो गांधी नगर से पांच स्टेशनों के बीच चलेगी। यात्रियों को पहले सप्ताह मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसके बाद सामान्य किराया लिया जाएगा। एक सेट में तीन डिब्बे होंगे। हर दिन करीब 90 फेरे होंगे। आइए जानते हैं एंट्री से लेकर टिकट और यात्रा की पूरी प्रोसेस कैसी होगी।

### टिकट से चेकिंग प्रक्रया

गांधी नगर मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों के प्रवेश के लिए सीढ़ियां और एस्केलेटर दोनों की व्यवस्था है। स्टेशन परिसर में पहुंचने के बाद बाईं ओर टिकट काउंटर बने हैं, जहां फिलहाल मैन्युअल टिकट मिलेंगे। वेंडिंग मशीन की जगह छोड़ी गई है लेकिन मशीन से टिकट मिलने की सुविधा अभी नहीं है।

### डोर और हेंड मेटल डिटेक्टर से होगी जांच

टिकट लेने के बाद सामने सुरक्षा जांच होगी। पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग अलग लाइन की व्यवस्था रखी जाएगी। जांच में डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (छस्नस्ढ) और हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर का इस्तेमाल होगा।सामान की जांच एयरपोर्ट जैसी बैगेज इंस्पेक्शन सिस्टम से होगी।

इंदौर मेट्रो का सफर गांधी नगर मेट्रो स्टेशन से शुरू होगा। चेकिंग के बाद प्लेटफॉर्म की ओर जाने के लिए सीढ़ियां और एस्केलेटर दोनों उपलब्ध हैं। सीधे हाथ तरफ से सीढ़ियां प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 की ओर जाती हैं। उल्टे हाथ की ओर की सीढ़ियां प्लेटफॉर्म 3 और 4 की ओर जाती हैं। हर मेट्रो 2 मिनट के लिए स्टेशन पर रुकेगी और हर 30 मिनट पर फेरा लगेगा।

### ऐसी होगी कोच में सिटिंग

प्रत्येक मेट्रो ट्रेन में तीन कोच होंगे। सभी कोच स्टेनलेस स्टील से बने हैं और रस्ट प्रूफ हैं। हर कोच में आमने-सामने की सीटिंग है जिसमें 45 यात्री बैठ सकते हैं। 350 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकते हैं। हर कोच में मोबाइल चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध हैं।

### दिव्यांग के लिए ब्रेल टाइल्स

दृष्टिहीन यात्रियों के लिए ऑडियो अनाउंसमेंट और ब्रेल टाइल्स की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही दिव्यांगों के लिए सीट रिजर्व की गई है। हर कोच में डिजिटल मैप और स्वृष्ठ स्क्रीन लगी है जो रूट की जानकारी देती हैं।

## मलाबार समूह ने 2025-26 में सीएसआर पहलों के लिए आवंटित किए 150 करोड़

**दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अग्रणी व्यापारिक समूह एवं मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की मूल कंपनी मलाबार समूह ने 2025-26 में अपनी सीएसआर पहलों को आगे बढ़ाने के लिए 150 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं. ये पहलें स्वास्थ्य, शिक्षा, भूख एवं गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और वंचितों के लिए आवास पर केंद्रित हैं. समूह ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल 'हंगर फ्री वर्ल्ड' के तहत भारत और जाम्बिया में वंचितों को प्रतिदिन 70 हजार भोजन वितरित करने की प्रतिबद्धता जताई है. इस तरह 2025-26 में में कुल 2.50 करोड़ भोजन बांटे जाएंगे. यह पिछले 3 सालों में बांटे गए 2.5 करोड़ भोजन की अब तक की पूरी उपलब्धि से एक बड़ी छलांग है. यह खाद्य सुरक्षा के लिए समूह की ठोस प्रतिबद्धता के बारे में भी बताता है. यह पहल संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल 2- जीरो हंगर के अनुरूप है।

# डोनाल्ड ट्रंप के एक्शन से हजारों भारतीय छात्रों के लिए बढ़ी परेशानी नए वीजा इंटरव्यू पर लगी रोक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के नए छात्रों के वीज़ा इंटरव्यू पर अचानक रोक लगा दी है। इसका असर खासकर भारतीय छात्रों पर पड़ा है, जिनका ÷स्टडी इन अमेरिका÷ का सपना फिलहाल अधर में लटका हुआ है। इस साल करीब दो लाख भारतीय छात्र अमेरिका में पढ़ाई के लिए वीज़ा के लिए आवेदन कर चुके थे। अमेरिका में एडमिशन आमतौर पर वसंत (जनवरी से अगस्त) और शरद ऋतु (सितंबर से नवंबर) सत्रों में होते हैं, लेकिन ट्रंप के इस फैसले से ये प्रक्रिया ठप हो गई है।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विदेशी छात्रों का बहुत बड़ा योगदान है। हर साल लगभग 11 लाख विदेशी छात्र अमेरिका में पढ़ते हैं, जो करीब पौने चार लाख करोड़ रुपए की आर्थिक मदद करते हैं। इन छात्रों को करीब 4 लाख नौकरियां भी मिलती हैं। इसके बावजूद, ट्रंप ने विदेशी छात्रों के रास्ते में कई बाधाएं डाल दी हैं।

ट्रंप के इस कदम के दो मुख्य कारण बताए जा रहे हैं। पहला, पिछले साल अमेरिका की कुछ विश्वविद्यालयों में फिलिस्तीन और अरब देशों के छात्रों ने इजराइल विरोधी प्रदर्शनी लगाई थी। ट्रंप ऐसे छात्रों को डिपोर्ट करना चाहते थे। दूसरा, हार्वर्ड, कोलंबिया और बाथ विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित कॉलेजों में विदेशी छात्र और फैकल्टी ट्रंप की नीतियों के खिलाफ थे, जो उनकी कट्टरपंथी सोच से मेल नहीं खाती। इसी वजह से उन्होंने विदेशी छात्रों के लिए सख्त नियम बनाए।

# सोने के रेट में फिर बदलाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मई का महीना अंतिम पड़ाव पर है और जून आगमन की ओर, ऐसे में अगर आप आज गुरूवार को सोना या चांदी खरीदने के लिए बाजार जा रहे है तो पहले 29 मई का ताजा भाव जान लीजिए। आज सोने के भाव में 440 रूपए प्रति 10 ग्राम व चांदी की कीमतों में 100 प्रति 1 किलो की गिरावट आई है। नई कीमतों के बाद सोने के दाम 97000 और चांदी के भाव 99 हजार पर ट्रेंड कर रहे है।

आज गुरूवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 29 मई 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 89,100 , 24 कैरेट का भाव 97, 190 और 18 ग्राम सोने का रेट 72,900 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 99 हजार रुपए चल रहा है।

18 कैरेट सोने का आज का भाव दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 72 900/- रुपये। कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 72, 780/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 73, 140 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 73, 590/- रुपये पर ट्रेड कर रही है। 22 कैरेट सोने का आज का भाव भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 89, 390/- रुपये । जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 89,100/- रुपये ।हैदराबाद, करल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 88, 950/- रुपये ट्रेंड कर रहा है।

24 कैरेट सोने का आज का भाव भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 97,540 रुपये। दिल्ली जयपुर लखनऊ और चंडीगढ़ सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 97 190/- रुपये। हैदराबाद, केरल, बैंगलुरू और मुंबई सराफा बाजार में 97, 040/- रुपये । चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 97,470/- रुपये पर ट्रेंड कर रहा है। जयपुर कोलकाता अहमदाबाद लखनऊ मुंबई दिल्ली सराफा बाजार में 01 किलोग्राम चांदी की कीमत 99, 900 /- रुपये चल रही है। चेन्नई, मदुरै , हैदराबाद,और केरल सराफा बाजार में कीमत 1,10,900/- रुपये। भोपाल और इंदौर में 1 किलो चांदी की कीमत 99, 900/ रुपए ट्रेंड कर रही है।

## ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के लिए तैयार

**अहमदाबाद, एजेंसी।** नए आइडियाज़, इंडस्ट्री से जुड़ाव और प्रैक्टिकल पढ़ाई के मूल सिद्धांतों पर आधारित, ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक वर्ष 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। अनुभवात्मक शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ, जो छात्रों को एक सुरक्षित और संतोषजनक भविष्य की ओर ले जाती है, ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी भविष्य के लीडर्स, क्रिएटर्स और थिंकर्स को तैयार कर रही है। परंपरागत विश्वविद्यालयों से अलग, ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी की ट्रेनिंग पद्धतियाँ अनुभवात्मक शिक्षण से गहराई से जुड़ी हुई हैं। इसका पाठ्यक्रम आईबीएम, एनएसई अकादमी, आईआईटीआरएएम और बीआईएसएजी जैसे अग्रणी संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारियों के ज़रिए तैयार किया गया है।

# उद्योगपतियों को रेड कार्पेट किसानों पर मुकदमा, एनएसए व जेल की धमकी पर भड़का किसान संघ

### भारतीय किसान संघ ने जताया विरोध, किसान के खिलाफ किसी भी कार्यवाही का प्रदेश के गांव गांव में होगा विरोध



**जबलपुर।** नरसिंहपुर में आयोजित कृषि उद्योग समागम कार्यक्रम में दो दिन पूर्व ही देश के महामहिम उप राष्टपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि किसान की जितनी पूजा की जाये कम है, किसान भारत की रीढ़ की हड्डी है। वहीं दूसरी ओर जबलपुर के कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम को लेकर किसानों के साथ बैठक में पराली जलाने को लेकर किसानों पर मुकदमा दर्ज करने व जुर्माना लगाने की धमकी दी। साथ ही ग्लाइफोसेट नींदानाशक का उपयोग करने वाले किसानों पर एनएसए के तहत कार्यवाही करने की धमकी दी। जिसको लेकर बैठक में मौजूद भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटैल व अन्य पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त करते हुये विरोध दर्ज कराया।

भारतीय किसान संघ ने कहा कि प्रदूषण के लिये किसान का पराली जलाना मुख्य कारण नहीं है। प्रदूषण का मुख्य कारण वाहनों का धुंआ, औद्योगिक कचरा, जीवाष्म ईंधन पर निर्भरता, ठोस कचरा कुप्रबंधन व निर्माण गतिविधियां है। चूंकि प्रदूषण के इन कारणों के जनक धन व उद्योगपति और प्रशासनिक कमियां हैं। किसान संघ ने कहा कि क्या इनके खिलाफ कार्यवाही करने में सरकार व अधिकारीयों को सांप सूंघ जाता है। गरीब किसान को टारगेट करना अत्यंत दुखद व निंदनीय है।

भारतीय किसान संघ ने कहा कि कलेक्टर प्रदूषण के प्रति कार्यवाही के लिये ईमानदार है तो अवैध खनन, धुंआ उगलने वाले उद्योगों व वाहनों पर कार्यवाही, खुले में कचरा डालने व जलाने पर हो कड़ी कार्यवाही व जुर्माना, डीजल जनरेटर का सीमित उपयोग, कोयला जलाने पर लगे प्रतिबंध, यातायात की आदर्श व्यवस्था बनाये, राजमार्ग, सड़क, फ्लाइओवर, पाइपलाईन आदि अन्य निर्माण व विध्वंश गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाकर दिखायें।

बैठक में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मूंग व सभी फसलों में नींदानाशक के तौर पर ग्लाइफोसेट का उपयोग करने वाले किसानों पर एनएसए के तहत कार्यवाही करने की धमकी दी। जिसको लेकर भारतीय किसान संघ ने तीव्र विरोध दर्ज कराते हुये कहा कि अनाज को जहरीला बनाने में किसान पर ठीकरा फोड़ना गलत है। ग्लाइफोसेट को केंद्र सरकार ने आदेश निकालकर मानव व जानवरों के स्वास्थ्य के लिये खतरा माना है तो उसकी प्रदेश में बिक्री प्रतिबंधित क्यों नहीं की जा रही है। जबकि पंजाब, उड़ीसा व आंध्रप्रदेश सरकार ने प्रतिबंध लगाया है। ग्लाइफोसेट को फसलों में डालने की सलाह देने वाले और बिक्री करने वालों पर कार्यवाही सरकार व प्रशासन क्यों नहीं कर रहा है। क्या कोई लेने देन या सांठ गांठ है। इसका जबाब प्रशासनिक अधिकारियों व सरकार को देना चाहिये।

# लिम्का ने पार किया 2800 करोड़ रुपए का आंकड़ा कोका-कोला इंडिया की ग्रोथ को दी नई रफ्तार




**मुंबई, एजेंसी।** ञ्कोका-कोला इंडिया के लोकप्रिय देशी पेयलिम्काने वर्ष 2024 में 2800 करोड़ रुपयेका आंकड़ा पार कर लिया है। भारतभर में दमदार प्रदर्शन के साथ इसनेलेमन-लाइम कैटेगरीको नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। लिम्का पिछलेपांच दशकोंसे गर्मियों में ताजगी का पर्याय बना हुआ है - इसके बादलों जैसे बुलबुले और अनोखेलाइम-एन-लेमनी स्वादने इसे हर उम्र के लोगों की पसंद बना दिया है। 1971 में शुरू हुई लिम्का ने कंपनी के स्पार्कलिंग पोर्टफोलियो को लगातार मजबूत किया है।शहरी और ग्रामीण, दोनों बाजारों में इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। आज यह ब्रांडदिल्ली, पंजाब और हरियाणाजैसे प्रमुख राज्यों मेंदहाई अंकों की वृद्धिदर्ज कर रहा है और पारंपरिक व्यापार के साथ-साथनए खुदरा प्रारूपोंमें भी अपना हिस्सा बढ़ा रहा है।

लिम्का की इस स्थायी सफलता के पीछे इसकेरचनात्मक और आधुनिक ब्रांड अभियानहैं, जो इसकी विरासत को बनाए रखते हुए इसे आज के उपभोक्ताओं के बीच भी प्रासंगिक बनाए रखते हैं। वर्ष 2025 में लिम्का नेतृप्ति डिमरीके साथ नया कैम्पेन लॉन्च किया, जिसने ताजगी को एक नए अंदाज में पेश किया। यह अभियान उपभोक्ताओं को लिम्का के खास पलों कीनई ऊर्जा और ताजगीका दोबारा अनुभव करने के लिए प्रेरित करता है - जो एहसास सिर्फ लिम्का ही दे सकता है। डेवलपिंग मार्केट्स, कोका-कोला इंडिया एंड साउथवेस्ट एशिया में फ्रैंचाइज़ ऑपरेशंस के वाइस प्रेसिडेंट विनय नायर ने कहा,हमारा उद्देश्य हमेशा से ऐसे ब्रांड बनाना रहा है जो सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी और उनकी साझा यादों का हिस्सा बनें। लिम्का की कहानी फिर से उभरने, खुद को नए सिरे से गढ़ने और उत्कृष्टता की खोज की कहानी है।

## सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने टैंडेम हेल्थकेयर के साथ की साझेदारी

**बैंगलुरू, एजेंसी।** भारत 27 मई, 2025- भारत के पहले 100 फीसदी एफडीआई टर्शरी केयर अस्पताल सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने नोर्थ बैंगलुरू में दूसरे आधुनिक अस्पताल के डिज़ाइन एवं निर्माण के लिए प्रीमियर हेल्थकेयर उपलब्ध कराने वाली ईपीसी कंपनी टैंडेम हेल्थकेयर के साथ हाथ मिलाया है। 6.8 लाख वर्गफीट में फैला 500 बैड्स का यह अस्पताल अपनी तरह का अनूठा ग्रीन बायोफिलिक अस्पताल होगा, जहां गार्डन लाउंज, ग्रीन बालकोनी, अराइवल कैनोपी और आकर्षक लेक व्यू मरीज़ों को प्राकृतिक माहौल में उपचार का अनूठा अनुभव प्रदान करेंगे। उम्मीद है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अस्पताल का संचालन 30 महीनों में शुरू हो जाएगा। रु 1000 करोड़ की यह ऐतिहासिक परियोजना, सेकोम मेडिकल सिस्टम एवं टोयोटा सुशो के सहयोग से जापानी इनोवेशन और टेकनोलॉजी से पावर्ड विश्वस्तरीय स्वास्थ्यसेवाएं उपलब्ध कराने के सकरा के मिशन में एक बड़ी उपलब्धि होगी। इस नई युनिट में ग्राउण्ड के अलावा 9 मंज़िलें होंगी, इंडो-जापानी आर्कीटेक्चर से बना इसका डिज़ाइन परम्परा और आधुनिकता का संयोजन होगा। बैंगलुरू में इस विश्वस्तरीय अस्पताल के निर्माण के लिए टैंडेम हेल्थकेयर के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।' श्री युइची नागानो, मैनेजिंग डायरेक्टर, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने कहा। ''यह साझेदारी जापानी सटीकता एवं टैंडेम हेल्थकेयर की विशेषज्ञता के साथ चिकित्सकीय उत्कृष्टता एवं मरीज़ों की देखभाल में नए मानक स्थापित करेगी।



# साउथ कोरिया में लहराया तिरंगा, भारत ने मिक्स्ड रेस में जीता गोल्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। भारतीय एथलेटिक टीम ने 400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपना खिताब बरकरार रखा। भारतीय रिले टीम ने जबरदस्त तालमेल और गति का प्रदर्शन करते हुए 3.18.12 सेकंड में दौड़ पूरी की और सभी को पीछे छोड़ दिया।

भारतीय टीम की ओर से रूपल चौधरी, संतोष कुमार तमिलारासन, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन ने दमदार प्रदर्शन किया। चारों धावकों ने शानदार टीम वर्क दिखाया और शुरुआत से ही भारत को दौड़ में बनाए रखा। जिसका परिणाम भारत को मिला। भारत ने एक बार फिर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इससे पहले भी भारत ने इस खेल में गोल्ड मेडल जीता था। रेस की शुरुआत संतोष कुमार ने किया, उन्होंने तेज़ शुरुआत करते हुए भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद उन्होंने बैटन रूपल चौधरी को सौंपी, जिनके सामने चीन की धाविका से कड़ी टक्कर थी। रूपल ने अपनी चाल में धैर्य रखा और बढ़त को बनाए रखते हुए बैटन विशाल टीके को दी। विशाल ने शुरुआती दबाव झेला और फिर स्पीड बढ़ाते हुए भारत की बढ़त को और मजबूत किया। आखिरी चरण में दौड़ीं सुभा वेंकटेशन ने जबरदस्त संतुलन और गति का परिचय देते हुए दौड़ को शानदार अंदाज में समाप्त किया और गोल्ड मेडल पर मुहर लगा दी। जिसका वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। भारतीय टीम ने यह दौड़ 3.18.12 सेकंड में पूरी की, जो इस सीजन में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जा रहा है। उन्होंने चीन को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। चीन इस रेस में दूसरे नंबर पर रहा। चीन ने 3.20.52 सेकंड में अपना दौड़ पूरा करते हुए रजत पदक हासिल किया। वहीं इस सूची में श्रीलंका तीसरे स्थान पर रहा। श्रीलंका ने 3.21.95 सेकंड में दौड़ पूरा करके कांस्य पदक जीता। इस जीत के साथ भारत ने 400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा में अपना तीसरा पदक हासिल किया है। 2019 में जब यह स्पर्धा पहली बार चैंपियनशिप में शामिल हुई, तब भारत ने रजत पदक जीता था। 2023 में भारत ने पहली बार स्वर्ण पदक हासिल कर इतिहास रचा था और अब 2025 में भारत ने लगातार दूसरी बार स्वर्ण जीतकर अपना खिताब बरकरार रखा है।

## वेक्सफेब एन्टरप्राइज लि. की एफवाय2024-25 में टोटल ईन्कम रू. 59.38 करोड़ रही

**अहमदाबाद ।** अहमदाबाद स्थित वेक्सफेब एन्टरप्राइज लिमिटेड मार्च 2025 में समाप्त हुए एफवाय2024-25 के दौरान टोटल रू. 59.38 करोड की ईन्कम हुई थी। जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान हुई कुल 9.28 करोड़ रुपये की ईन्कम के सामने वाय-ओ-वाय 540 प्रतिशत का ग्रोथ दर्शाती है। एफवाय 2024-25 के लीए कंपनी का नेट प्रोफिट रू. 58.42 लाख हुआ था। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष इसी अवधि में कंपनी को 3.57 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।क्यू4 एफवाय 2024-25 में कंपनी ने रू. 3.23 करोड की टोटल ईन्कम दर्ज की थी। जो गत वर्ष समान अवधि में हुई टोटल ईन्कम से 143 प्रतिशत ज्यादा है।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व सांसद खजुराहो वी.डी. शर्मा ने महाराणा प्रताप तथा महाराजा छत्रसाल की जयंती पर मुख्यमंत्री निवास में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर स्मरण किया।



भोपाल के एमपी नगर चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महाराजा छत्रसाल की जयंती पर महाराणा सेना ने स्मरण किया।

# महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में जुटेंगी दो लाख महिलाएं

## पीएम मोदी के साथ मंच साझा करेंगे 24 विशिष्टजन




**भोपाल।** महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन को लेकर भोपाल में तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच पर 24 प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहेंगी, जिनमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, महिला केंद्रीय मंत्री, प्रदेश की महिला मंत्री, महिला सांसद-विधायक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और दोनों उपमुख्यमंत्री शामिल होंगे। राज्य सरकार ने प्रस्ताव पीएमओ को भेज दिया है, जिसकी स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। 16 जिलों से दो लाख महिलाओं को लाने का लक्ष्य है।



### संगठन की तैयारियां तेज

भाजपा ने सम्मेलन में सभी महिला जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है, जिनमें महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष भी शामिल हैं। 200 किमी की परिधि में आने वाले जिलों से महिलाओं को भोपाल लाया जाएगा। एक बस में 40 महिलाएं रहेंगी और प्रत्येक बस में एक गाइड तैनात किया जाएगा, जो वापसी के समय व्यवस्थाएं संभालेगा ताकि जाम की स्थिति न बने। महिलाओं को बस में ही नाश्ता और भोजन दिया जाएगा। जंबूरी मैदान में तैयारियों का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। वीआईपी पार्किंग मुख्य पंडाल के पास होगी।



मंदसौर में विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में चल रहे शिवना नदी के शुद्धिकरण में पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने श्रमदान किया।

# उज्जैन में बनेगा एयरपोर्ट, एएआई ने 241 एकड़ जमीन और मांगी सरकार के साथ करार कल

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 31 मई को मध्यप्रदेश आगमन से पहले उज्जैन में एयरपोर्ट निर्माण को लेकर बड़ा फैसला हो रहा है। 30 मई को राज्य सरकार के विमानन विभाग और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के बीच उज्जैन एयरपोर्ट के विकास को लेकर तीन महत्वपूर्ण अनुबंधों पर हस्ताक्षर होंगे। इस अवसर पर एएआई के चेयरमैन विपिन कुमार और विमानन विभाग के आयुक्त चंद्रमौलि शुक्ला उपस्थित रहेंगे। एयरपोर्ट परियोजना के लिए एएआई ने कुल 241 एकड़ जमीन की मांग की है, जबकि वर्तमान में केवल 95 एकड़ भूमि उपलब्ध है। सरकार शेष भूमि के इंतजाम को लेकर कार्य योजना पर तेजी से काम कर रही है। सरकार और एएआई के बीच तीन अहम अनुबंध होंगे।

# एम्स प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल जहां ब्रेन डेड मरीज का अंगदान, 3 लोगों को मिला नया जीवन





**भोपाल।** राजधानी भोपाल स्थित एम्स लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार कर रहा है। इस कड़ी में एम्स ने बुधवार को अपना पहला कैडेवर ऑर्गन डोनेशन सफलतापूर्वक किया। एम्स भोपाल प्रदेश का ऐसा पहला सरकारी अस्पताल बन गया है, जहां किसी ब्रेन डेड मरीज के अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन हार्वेस्ट) के लिए निकाले गए। ओबेदुल्लागंज के 60 वर्षीय शंकर लाल कुबरे ने मौत के बाद तीन लोगों की जिंदगी दी है। डोनर, ओबेदुल्लागंज निवासी शंकर लाल कुबरे सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से सिर में घायल हो गए थे। गहन उपचार के बावजूद, उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। इसके पश्चात, उनके परिवार पत्नी, दो पुत्र एवं एक पुत्री ने अपार मानवता और साहस का परिचय देते हुए उनके अंग दान करने का निर्णय लिया, जिससे कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन में आशा की नई किरण जागी।



### इस तरह चली पूरी प्रक्रिया

राष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार ब्रेन डेड सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसका संचालन ब्रेन डेड कमेटी के सदस्य डॉ अमित अग्रवाल, डॉ मयंक दीक्षित, डॉ सुमित राज एवं डॉ ज्योत्सना कुब्रे द्वारा किया गया। इस प्रक्रिया के अंतर्गत हृदय एवं दोनों गुर्दे सफलतापूर्वक निकाले गए। इनमें से हृदय तथा एक गुर्दे का प्रत्यारोपण एम्स भोपाल में ही किया गया, जबकि दूसरे गुर्दे को सोट्टो के माध्यम से बंसल अस्पताल, भोपाल को आवंटित किया गया। एम्स की मॉर्चुरी से एक टीम पूरी किट के साथ ऑपरेशन थिएटर में पहुंची। जहां मृतक शंकर के शरीर से महत्वपूर्ण अंगों (हार्ट और दोनों किडनी) को निकालने (ऑर्गन हार्वेस्टिंग) की प्रक्रिया चल रही थी। अंग निकाले जाने के तुरंत बाद, एम्स के फोरेंसिक पैथोलॉजिस्ट ने ऑपरेशन थिएटर में ही अटॉप्सी (पोस्टमॉर्टम एग्जामिनेशन) की प्रक्रिया पूरी की।

### लंबे समय से प्रयास जारी थे

जानकारी के लिए बतादें कि एम्स भोपाल में पिछले एक साल से कैडेवर डोनेशन (ब्रेन डेड व्यक्ति के अंगदान) के प्रयास चल रहे थे। इसके लिए एक टीम भी बनाई गई है, जो ब्रेन डेड हुए हर मरीज के परिजनों को अंगदान के लिए प्रेरित करती है। अब तक 31 ऐसे प्रयास असफल रहे थे।





